दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 15 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 176 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## अहमदाबाद प्लेन क्रैश : अब तक 270 शव लाए गए

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। अब तक घटना स्थल से कुल 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने के बारे में शनिवार को डॉक्टरों ने जानकारी दी। इससे पहले, अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 265 बताई थी।





अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद की दमकल टीम ने विमान दुर्घटना स्थल से एक शव और कुछ शरीर के अंग बरामद किए हैं।

बीजे मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धवल गमेती ने बताया कि दुर्घटना स्थल से अब तक लगभग 270 शव सिविल अस्पताल लाए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि डीएनए नमूनों का मिलान करके मृतकों की पहचान की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके सगे-संबंधियों को सौंप दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विस (एएफईएस) ने मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटना स्थल से पिछले 24 घंटों में कुछ शरीर के अंगों के साथ एक शव भी बरामद किया है।

शेष, पृष्ठ 2

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद हुए 8 पिकनिक स्पॉट्स फिर से खुले





**श्रीनगर:** प्पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद हुए 8 पिकनिक स्पॉट्स फिर से खुले। ये पर्यटन स्थल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बंद कर दिए गए थे। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों से इस बारे में फीडबैक मांगा है कि पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद बंद किए गए पर्यटन स्थलों को कब खोला जाए।

एक अधिकारी ने कहा, हम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। सभी से आश्वासन मिलने के बाद बंद रिसॉर्ट खोले जाएंगे। आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि सभी गंतव्य सुरक्षित हों ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने इस वर्ष अप्रैल में 87 पर्यटन स्थलों में से 48 स्थानों को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया था।

जो गंतव्य बंद थे, उनमें युसमर्ग, तौसीमैदान, डूडपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर/वाटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटॉप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टॉप, मार्गनटॉप, अकाड पार्क, हब्बा खातून शामिल हैं। पॉइंट, बाबारेशी, रिंगावली, गोगलदारा, बदेरकोटे, श्रुंज झरना, कामनपोस्ट, नंबलान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजोरी कदल होटल कनाज, आली कदल जेजे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल, पदशापाल रिसॉर्ट्स और रेस्तरां, चेरी ट्री रिसॉर्ट (फकीर गुजरी), नॉर्थ क्लिफ कैफे और स्टे पैटर्न द्वारा रिट्रीट, फॉरेस्ट हिल कॉटेज, इको विलेज रिसॉर्ट (दारा), अस्तानमार्ग दृश्य प्वाइंट, अस्तनमर्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, दाचीगाम - ट्राउट फार्म / मत्स्य फार्म से परे, अस्तनपोरा (विशेष रूप से कायम गाह रिसॉर्ट, लछपटरी, हंग पार्क और नारानाग।

इस बीच, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी ने गुरुवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने की अपील की।

पर्यटन कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए वानी ने कई लोकप्रिय स्थलों के लंबे समय से बंद रहने पर चिंता जताई। वानी ने कहा, अब पर्यटन स्थलों को बंद रखने की कोई जरूरत नहीं है। यहां तक कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी लगातार बंद रहने पर चिंता जताई है। मैं कानून-व्यवस्था की देखभाल करने वाले माननीय उपराज्यपाल से अनुरोध करता हूं कि वे उन स्थलों को खोलने पर विचार करें जहां सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। वानी ने कहा कि इन आकर्षणों के बंद होने से न केवल पर्यटक निराश हो रहे हैं, बल्कि पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी स्थानीय आजीविका भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, यहां पर्यटक दूर-दूर से आते हैं, लेकिन जब उन्हें ये प्रसिद्ध स्थान बंद मिलते हैं, तो वे निराश होकर लौट जाते हैं। हमें गलत संदेश भेजने से बचना चाहिए।

मुख्यमंत्री के सलाहकार ने कहा, पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमें इस क्षेत्र को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की आवश्यकता के साथ सुरक्षा चिंताओं को संतुलित करना होगा।

## जल्द मिलने वाली है भीषण गर्मी से निजात तपन होगी कम... बारिश दिलाएगी राहत

### 17 से पूर्वी और 19 से पश्चिमी यूपी में बारिश होने के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी और तपिश से जनजीवन बेहाल है। लोग बिना जरूरत दोपहर के समय घर से बाहर निकलने में भी झिझक रहे हैं। सबकी निगाहें आसमान की ओर टकटकी लगाकर बारिश का इंतजार कर रही हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 17 से पूर्वी और 19 से पश्चिमी यूपी में बारिश होने के आसार हैं। रविवार से अगले पांच दिन तक प्रदेश में लू की कोई चेतावनी नहीं है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मध्य क्षोभ मंडल में आ रहे पश्चिमी विक्षोभ और निचले क्षोभ मंडल में राजस्थान से मराठवाड़ा तक विस्तृत द्रोणी के प्रभाव से प्रदेश में पुरवा हवाओं का आवेग बढ़ा है।



इसकी वजह कोई प्रभावी मौसम तंत्र न होने के बावजूद प्रदेश में शुरू हुई छिटपुट वर्षा की गतिविधियों में 15 जून से बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही 17 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश में और 19 जून से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने आगे बताया कि 13 जून को बुंदेलखंड के आसपास के इलाकों के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के तापमान में गिरावट दर्ज हुई।

## बाबा केदारनाथ के दर्शन करने वालों की संख्या 10 लाख पार




**नई दिल्ली।** पवित्र केदारनाथ धाम में इस साल आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। 2 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कठिन पर्वतीय रास्तों, मौसम की चुनौतियों और लंबी यात्रा के बावजूद भक्त काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर हर शाम हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आरती से गूंज रहा है। पवित्र केदारनाथ धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ रहा है। चारधाम यात्रा की शुरूआत के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

शेष, पृष्ठ 2

## पिंक बूथ पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, आनन-फानन में पहुंचे एसीपी और थाना प्रभारी

### पिंक बूथ प्रभारी को दिया महिलाओं से मृदुल व्यवहार रखने का निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार की रात अचानक पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड विजय नगर थानाक्षेत्र स्थित पिंक बूथ पर पहुंचे।



पिंक बूथ पर जैसे ही पुलिस कमिश्नर के पहुंचने की सूचना इलाके के एसीपी रितेष त्रिपाठी और थाना प्रभारी शशि कुमार को लगी तो वह भी पहुंच गए। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने पिंक बूथ में रखे रजिस्टर की जांच की, तो वहीं शिकायत पत्रों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जल निगम पिंक बूथ के निरीक्षण के दौरान यहां आने वाले आगंतुकों से मृदुल व्यवहार रखने का निर्देश भी दिया। बता दें कि लगातार पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अपनी बेस्ट वर्किग के साथ कई तरह के अभियान शुरु कर चुके हैं।





### सीपी ने कहा पिंक बूथ में हो महिलाओं के बैठने की ठीक व्यवस्था

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने निरीक्षण के दौरान जल निगम पिंक बूथ की प्रभारी को यहां साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया है। तो वहीं पिंक बूथ पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था कराए जाने के लिए भी इंतजाम करने को कहा गया है। वहीं पिंक बूथ पर पानी और वहां लगे कैमरे ठीक प्रकार से वर्किंग में रहे इसको लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं पिंक बूथ में लाइट की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। साथ ही पिंक बूथ में आने वाले लोगों का पूरा रिकॉर्ड भी मेंटेन किया जाए। इस काम को भी करने का आदेश दिया गया है।

### सीपी का फरमान, वर्किंग में होना चाहिए सुधार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार थानों, कार्यालयों और अब पिंक बूथ के निरीक्षण पर उतर रहे हैं। उनका निर्देश हैं कि वर्किंग में पुलिसकर्मियों के लगातार सुधार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से बीट पुलिसिंग और सिटीजन पुलिसिंग शुरू की गई है, इसका आम जनता को पूरी तरीके से लाभ मिलना चाहिए।

## अपने ही बुलाए सम्मेलन में नहीं पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

### ओबीसी समाज तक पहुंचने के लिए कांग्रेस ने शुरू किया न्याय भागीदारी अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों की नजर ओबीसी वोटों पर होगी। भाजपा ने ओबीसी वोटों को एकजुट करने और उसका समर्थन हासिल करने के लिए कई सालों से अभियान चला रखा है। इसके तहत समय-समय पर कार्यक्रम किए जा रहे है तो वहीं, सपा ने पीडीए के जरिए ओबीसी वोटों को अपनी ओर करने पर ताकत झोंक दी है। इसे समय की मांग कहिए या कुछ, अब कांग्रेस ने भी ओबीसी वोटर्स तक पहुंचने के लिए न्याय भागीदारी अभियान शुरू करने का फैसला यि है। इसके तहत पार्टी ओबीसी सम्मेलन, गोष्ठियां और ओबीसी समाज की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का फैसला लिया है। पार्टी की ओर से आज यानि शनिवार को लखनउ में ओबीसी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में पार्टी कार्यकताओं को अभियान के बारे में जानकारी दी गई। सम्मेलन में सभी जिलों और महानगरों के अध्यक्ष शामिल हुए। गाजियाबाद से जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने यह सम्मेलन बुलाया था। मजे की बात है कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो सम्मेलन बुलाया था लेकिन वे खुद सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। बताया जाता है कि प्रदेश अध्यक्ष केंद्रीय नेतृत्व से नाराज चल रहे हैं।




गाजियाबाद से गए पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में भागीदारी न्याय महासम्मेलन से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गायब थे। उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए कांग्रेस ने सभी जिलों में भागीदारी न्याय सम्मेलन की लखनऊ कार्यालय से शुरूआत की गई है। आगामी समय पर सभी जिलों में भागीदारी न्याय सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कांग्रेस के राष्ट्रीय ओबीसी कमेटी के अध्यक्ष अनिल सिंह जय हिंद ने संबोधित किया लेकिन सम्मेलन शुरू होने के कई घंटे बाद तक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मंच और प्रदेश कार्यालय में नहीं पहुंचे। उसके बाद से उनके केंद्रीय नेतृत्व से नाराज होने की चर्चा जोरों पर है।

महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि भागीदारी न्याय सम्मेलनों के जरिए समाज के उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा, जिनकों अभी तक सत्ता और संगठन में भागीदारी कम मिली है। इसके लिए कार्यकर्ता ब्लॉक और बूथ स्तर पर ऐसे समाज के लोगों से मुलाकात करेंगे। ओबीसी वर्ग को सत्ता और संगठन में भागीदारी देने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है। प्रदेश प्रभारी ने सम्मेलन में सभी कार्यकताओं को अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## गौकशी करने वाले 11 अभियुक्तों पर की गई गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

### अधिकांश आरोपी भोजपुर थानाक्षेत्र के निवासी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिसम में गौ तस्करी करने वाले आरोपियों पर देहात जोन पुलिस ने बड़ी और कड़ी कार्रवाई की गई है। गौकशी की घटनाएं करने वाले और गिरोह बनाकर भोजपुर थानाक्षेत्र में इस तरीके का अपराध करने वाले कुल 11 लोगों पर गैंगस्टर लगाया गया है। एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि इस कड़ी में रमजानी ,जादू ,मारूफ उर्फ काले, हनीफ, अब्दुल ,नाजिम, मेहताब, रोशन, मुस्तफा उर्फ बली, हबीब और मोहम्मद जावेद पर गौकशी आयुध और गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है इन सभी 11 आरोपियों पर कुल मिलाकर 60 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।



### लगातार आरोपियों पर की जा रही है गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जा रही है। तो वही गुंडा एक्ट के तहत भी बदमाशों को जिला बदर किया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभ्यस्त अपराधियों का पूरा डाटा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों अलग-अलग थानों और तीनों जोन के अंतर्गत अपराधियों की थानों में हाजिरी लगाई गई थी। साथ उनके डोर्जियर भी भरवाए गए थे ताकि एक ही क्लिक पर बदमाशों की पूरी कुंडली मिल सके। साथ ही उनके बारे में वर्तमान जानकारी प्राप्त हो पाए।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश : अब तक 270 शव लाए गए







**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। अब तक घटना स्थल से कुल 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने के बारे में शनिवार को डॉक्टरों ने जानकारी दी। इससे पहले, अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 265 बताई थी।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद की दमकल टीम ने विमान दुर्घटना स्थल से एक शव और कुछ शरीर के अंग बरामद किए हैं। बीजे मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धवल गमेती ने बताया कि दुर्घटना स्थल से अब तक लगभग 270 शव सिविल अस्पताल लाए गए हैं।

**डीएनए नमूनों से की जा रही मृतकों की पहचान :** अधिकारियों ने बताया कि डीएनए नमूनों का मिलान करके मृतकों की पहचान की जा रही है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके सगे-संबंधियों को सौंप दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अहमदाबाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विस (एएफईएस) ने मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटना स्थल से पिछले 24 घंटों में कुछ शरीर के अंगों के साथ एक शव भी बरामद किया है।

**शनिवार सुबह घटना स्थल से मिला एक शव :** अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी जयेश खड़िया ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर फोरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों की जांच में अग्निशमन कर्मी मदद कर रहे हैं। उन्हें शुक्रवार को कैंटीन के मलबे से कुछ शरीर के अंग मिले, जबकि शनिवार सुबह एक शव मिला है।

**टेल फिन को नीचे उतारने के लिए क्रेन की ली जाएगी मदद :** खड़िया ने आगे बताया कि विमान का टेल फिन कैंटीन की क्षतिग्रस्त इमारत के ऊपर अटका है, जिसे नीचे लाने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा, 'एअर इंडिया के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद हम टेल फिन को इमारत से नीचे लाने का काम शुरू करेंगे।

**मेडिकल हॉस्टल और उसकी कैंटीन पर गिरा था विमान :** गौरतलब है कि एअर इंडिया का विमान एआई-171 ने बृहस्पतिवार दोपहर को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरी थी।

विमान में चालक दल के सदस्यों के साथ 242 यात्री सवार थे। एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही विमान मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जो एक मेडिकल हॉस्टल और उसकी कैंटीन पर जाकर गिरा।

## अहमदाबाद हादसे में एअर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स मिला: उड्डयन मंत्री

एअर इंडिया विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है. 265 लोगों की दर्दनाक मौत हुई. एयर इंडिया का विमान ऐसा ब्लास्ट हुआ कि शवों को पहचानना मुश्किल है। इन सबके बीच सवाल ये कि आखिर प्लेन हादसा हुआ कैसे। आखिर कैसे दुनिया के सबसे सुरक्षित पैसेंजर विमानों में एक इस तरह जमीन पर आ गया। भारत का एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो यानी एएटीबी की टीम जांच कर रही है। वहीं अमेरिकी नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड यानी एनटीएसबी जांच में सहयोग कर रहा है। ब्रिटेन का एयर एक्सिडेंट्स इनवेस्टिगेशन ब्रांच की भी मदद ली जा रही है। जिसके बाद साफ होगा कि आखिर हादसे की वजह क्या है। बता दें कि अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे के 28 घंटे के भीतर एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। यह जानकारी नागर विमानन मंत्रालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने साझा की है। ब्लैक बॉक्स को दुर्घटनास्थल की एक इमारत की छत से बरामद किया गया है, जहां हादसे के समय विमान टकराया था। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे के 28 घंटे के भीतर विमान का फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) बरामद कर लिया गया है। यह विमान हादसे की जांच में एक महत्वपूर्ण प्रगति मानी जा रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को घटनास्थल से बरामद किया। ब्लैक बॉक्स में मौजूद तकनीकी जानकारी और उड़ान से जुड़े डेटा की मदद से हादसे के कारणों की गहराई से जांच की जाएगी।




**ब्लैक बॉक्स का महत्व :** एविएशन एक्सपर्ट सुभाष गोयल ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को विशेष तकनीक से बनाया जाता है ताकि वह न तो जल सके और न ही पानी में खराब हो।

# 8वीं तक के विद्यार्थियों की 30 जून तक छुट्टी

## यूपी में भीषण गर्मी और लू के कारण लिया फैसला, टीचरों को 16 जून से आना होगा




**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए बेसिक स्कूलों की छुट्टियां 30 जून तक बढ़ा दी गई हैं। पहले ये छुट्टियां 20 मई से 15 जून तक निर्धारित थीं, जिसके बाद 16 जून से स्कूल खुलने वाले थे, लेकिन अब वे 1 जुलाई को खुलेंगे। हालांकि, शिक्षकों को 16 जून से स्कूल जाना होगा और शैक्षणिक कार्यों को पूरा करना होगा। यूपी बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए विद्यालय प्रबंध समिति को निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। वे अपने हिसाब से निर्णय ले सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि गर्मी और हीटवेव के कारण स्कूलों में पठन-पाठन 30 जून तक बंद रहेगा। यह फैसला छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। गर्मी के कारण बच्चों को स्कूल आने में परेशानी हो सकती है, इसलिए सरकार ने यह कदम उठाया है।

### कई जिलों में 40 पार हो चुका है पारा

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है। कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना जोखिम भरा हो सकता है। छुट्टियां बढ़ाने से बच्चों को गर्मी से राहत मिलेगी। शिक्षकों को 16 जून से स्कूल जाना होगा।

वे स्कूल में शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों को पूरा करेंगे। शिक्षकों को स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। उन्हें छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं भी आयोजित करनी पड़ सकती हैं। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ और विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री और संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक मांग पत्र सौंपा जिसमें स्कूलों की गर्मी की छुट्टियों को 30 जून तक बढ़ाने की अपील की गई.

# असम के धुबरी में तनाव

## 38 लोग किए गए गिरफ्तार

**उपद्रवी को देखते ही गोली मारने का ऑर्डर**




**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने धुबरी में शूट-एट-साइट का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि इलाके में एक कम्युनल ग्रुप सक्रिय है जो मंदिरों को नुकसान पहुंचाने का इरादा रखता है।**

**असम।** पश्चिम बंगाल के साथ ही पूर्वोत्तर भारत के कई प्रदेशों की सीमा बांग्लादेश से लगती है। असम का धुबरी भी इंटरनेशनल बॉर्डर पर स्थित है। सीमाई इलाके धुबरी में पिछले कुछ दिनों से बवाल मचा हुआ है। हनुमान मंदिर के पास लगातार कुछ गलत चीजें रखने से माहौल तनावपूर्ण हो गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद धुबरी का दौरा किया है। उन्होंने लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा की और पुलिस को उपद्रवियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने के आदेश दिए हैं। असम के सीएम ने हालात बिगाड़ने वालों को देखते हुए गोली मारने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि धुबरी में मंदिरों को नुकसान पहुंचाने वाला एक कम्यूनल ग्रुप एक्टिव है।

विवाद तब पैदा हुआ जब रविवार को धुबरी में एक मंदिर के पास मांस के टुकड़े मिलने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। उपद्रवियों ने कथित तौर पर सब्जी बेचनेवालों और ई-रिक्शा चालकों पर हमला किया। सोमवार को प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिए गए। हालांकि, अगले दिन प्रतिबंध हटा लिया गया था।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने धुबरी में शूट-एट-साइट का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि इलाके में एक कम्युनल ग्रुप सक्रिय है जो मंदिरों को नुकसान पहुंचाने का इरादा रखता है। सरमा ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा, ह्यधुबरी में एक विशेष समूह हमारे मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सक्रिय हो गया है। हमने देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं ह्व सीएम सरमा ने 13 जून 2025 को स्थिति की समीक्षा करने के लिए धुबरी का दौरा किया और लोगों को सरकार की पूरी मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा, शुक्रवार गुवाहाटी पहुंचने के तुरंत बाद देखते ही गोली मारने का आदेश जारी कर दिया जाएगा और रात में बाहर निकलने वाले या पत्थर फेंकने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अभी तक ऐसे 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि धुबरी जिले में रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया जाएगा और धुबरी में सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने कानून को अपने हाथ में लिया है, उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# मणिपुर को फिर सुलगाने की साजिश

## 328 अवैध हथियार एवं गोला-बारूद बरामद



**मणिपुर।** मणिपुर पुलिस को 13 जून और 14 जून 2025 की दरम्यानी रात एक बड़ी खुफिया सफलता हाथ लगी। राज्य के पांच घाटी जिलों में हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा भंडार छिपाए जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने एक साथ कई स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। राज्य के अलग-अलग इलाकों में एक साथ शुरू किए गए इन अभियानों में कुल 328 हथियार बरामद किए गए हैं, जिनमें स्छफ् इंसास, राइफल्स, कार्बाइन, एमपी5, एलएमजी, एके-सीरीज, अमोघ, मोर्टार, पिस्टल और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। इसके अलावा भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई है।

मणिपुर पुलिस को हथियारों के इस जखीरे की खूफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद उसने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर छापेमारी की, जिसमें इतनी भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए।

### कौन कौन से हथियार मिले

बरामद किए गए हथियारों में 151 एसएलआर राइफल, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 12 लाइट मशीन गन, 6 अङ-सीरीज राइफलें, 2 अमोघ राइफलें, एक मोर्टार, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी5 गन, 2 फ्लेयर गन, 6 पिस्टल, 2 बैरल और 1 एआर-15 शामिल हैं। साथ ही 591 विभिन्न प्रकार की मैगजीन, 3534 एसएलआर राउंड, 2186 इंसास राउंड, 2252 I303 राउंड, 234 एके राउंड, 407 अमोघ राउंड, 20 नौ एमएम राउंड, 10 ग्रेनेड, 3 लाथोड, 7 डेटोनेटर और 3 पैरा उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर ऐसे अभियानों को निरंतर, लक्षित और प्रभावी ढंग से जारी रखने के प्रयासों में जुटे हुए हैं, ताकि राज्य में जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल की जा सके और नागरिकों तथा उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# दिल्ली को देंगे एक साफ-सुथरी नई शराब नीति : सीएम रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल्द ही नई शराब नीति आएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दिल्ली सरकार जल्द ही एक ऐसी साफ-सुथरी आबकारी नीति लाएगी जो गुणवत्ता वाली शराब उपलब्ध कराएगी, बिक्री-वितरण को पारदर्शी बनाएगी और समाज के संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेगी।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकार की भ्रष्ट नीति से सबक लेते हुए, इस बार भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति नई नीति को तैयार कर रही है। यह समिति अन्य राज्यों की सफल आबकारी नीतियों का अध्ययन कर रही है और सभी संबंधित पक्षों (हितधारकों) से भी बात कर रही है। उम्मीद है कि यह काम 30 जून तक पूरा हो जाएगा और समिति अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप देगी।

**कई सुधारों पर रहेगा जोर :** सीएम ने कहा कि नई नीति में शराब की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच, डिजिटल बिक्री प्रणाली, अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक और लाइसेंस देने की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता होगी। यह नीति सिर्फ सरकार के राजस्व बढ़ाने के लिए नहीं होगी, बल्कि सामाजिक संतुलन और जिम्मेदारी पर फोकस रहेगी। समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व शांति से समझौता नहीं होगा।



**पिछली नीति में पूर्व सीएम जेल गए :** मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार की आबकारी नीति की कड़ी आलोचना की। उन्होंने उसे भ्रष्टाचारपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और जनहित के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि उस नीति से कुछ चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचित फायदा हुआ, जबकि सरकारी खजाने को नुकसान उठाना पड़ा। पिछली नीति पर उठे गंभीर सवालों और जांच एजेंसियों की कार्रवाई के कारण आखिरकार उसे वापस लेना पड़ा, जिससे साबित होता है कि यह कितनी विफल थी। मुख्यमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि उस नीति के कारण पूर्व मुख्यमंत्री व कुछ मंत्रियों को जेल भी जाना पड़ा था।

**पारदर्शी और जनता के हित में होगी :** सीएम ने कहा कि नई नीति के तहत शराब का गलत इस्तेमाल रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलेगा। सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने पर कड़ी निगरानी होगी।

# बाबा केदारनाथ के दर्शन करने वालों की संख्या 10 लाख पार




**पवित्र केदारनाथ धाम में इस साल आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। 2 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कठिन पर्वतीय रास्तों, मौसम की चुनौतियों और लंबी यात्रा के बावजूद भक्त काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर हर शाम हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आरती से गूंज रहा है।**

**नई दिल्ली।** पवित्र केदारनाथ धाम में इस साल आस्था का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ पड़ा है। 2 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कठिन पर्वतीय रास्तों, मौसम की चुनौतियों और लंबी यात्रा के बावजूद भक्त काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।

मंदिर परिसर हर शाम हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आरती से गूंज रहा है। पवित्र केदारनाथ धाम में इन दिनों श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ रहा है। चारधाम यात्रा की शुरूआत के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों को पार कर बाबा के चरणों में पहुंच रहे हैं। धाम में शाम की आरती के दौरान हजारों श्रद्धालु एक साथ शामिल हो रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर दिव्यता और भक्ति से गूंज उठता है।

हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। इस बार यात्रा की विशेष बात यह रही कि दर्शन व्यवस्था को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदार के कपाट 2 मई को आम भक्तों के लिए खोले गए थे और तब से लेकर अब तक रिकॉर्ड संख्या में दर्शन हो चुके हैं। मौसम की कठिनाइयों और ऊंचाई की चुनौती के बावजूद केदारनाथ में सबसे ज्यादा भीड़ हो रही है। प्रशासन की ओर से पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है, ताकि हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।



2 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। तमाम दुश्वारियों और विषम मौसम के बावजूद भी भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं दिख रही।

हर दिन हजारों की संख्या में यात्री केदारनाथ की कठिन चढ़ाई पार कर मंदिर पहुंच रहे हैं। सांयकालीन आरती में भक्त शामिल हो रहे हैं। गर्भगृह तक पहुंचने में लगने वाला समय काफी कम हुआ है और दर्शन व्यवस्थित हो रहे हैं।

मंदिर दिन-रात खुला है, ताकि कोई भी भक्त बाबा के दर्शन से वंचित न रहे। जिला प्रशासन की ओर से पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य सेवाएं, जलापूर्ति और सफाई की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे तीर्थयात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

आंकड़ों के अनुसार, इस बार की केदारनाथ यात्रा न सिर्फ चारधाम यात्रा की तुलना में सबसे बड़ी साबित हो रही है, बल्कि यह अब तक की सबसे रिकॉर्ड ब्रेकिंग यात्रा बन चुकी है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट






### राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप का चेहरा उस समय खिलखिलाया

# जब मुख्यमंत्री ने उनकी जुड़वां नातिनों को गोद में उठाकर स्नेहपूर्वक खिलाया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के लिए शनिवार का दिन खास रहा। जब राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिवार सहित सौजन्य भेंट की।

इस मुलाकात में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बेटी स्नेह सभी के मन को भाया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप का चेहरा उस समय खिलखिलाया जब मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद आत्मीयतापूर्वक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की जुड़वा नातिनों को गोद में उठाकर उन्हें स्नेहपूर्वक खिलाया और उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

ये पल बेहद आत्मीय थे और राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप के लिए हमेशा यादगार भी बन गये। सरकार के मंत्री यूं तो अक्सर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते ही रहते हैं। वो अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रस्तावों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलते हैं। लेकिन ये एक अविस्मरणीय पल था जब राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री से मिल रहे थे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद आत्मीय व्यवहार के साथ परिवार से मुलाकात की और सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री की आत्मीयता और उनके व्यवहार से गदगद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मेरे पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मेरे परिवार को अपने स्नेह और आशीर्वाद से अभिसिंचित किया। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि शनिवार को हुई यह मुलाकात और मेरी जुड़वा नातिनों को जो स्नेह और आशीर्वाद मुख्यमंत्री से मिला, वास्तव में मुख्यमंत्री का यह आशीर्वाद मेरे और मेरे पूरे परिवार के लिए गौरव, ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

# जुलाई का महीना भी निकल सकता है संगठन टीम में आने के इंतजार में

## प्रदेश में बनेगी टीम और उसी के बाद पूरा होगा महानगर वालों का ड्रीम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा अपने चुनावी रण की तैयारी में लगी है। वो लगातार आयाम लेकर आ रही है। वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच है। इसी बीच जो बड़ी बात है वो ये है कि देवतुल्य चाहते हैं कि उन्हें टीम में पद प्राप्त हो। वो इसका इंतजार कर रहे हैं। मंडल टीम में आने के लिए पहली बार बड़ी सिफारिशों का दौर चल रहा है। मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है और अब मंडल महामंत्री से लेकर अन्य पदों पर कार्यकर्ताओं की तैनाती होनी है। वहीं महानगर की टीम में आने के लिए एक पूरी टीम अपने अपने तरीके से अपनी अपनी थीम पर काम कर रही है। किसी को महानगर अध्यक्ष पर भरोसा है और वो लगातार महानगर अध्यक्ष को फोलो कर रहे हैं। कुछ को ये लग रहा है कि बात यहां से नहीं बनेगी और वो अपने अपने स्तर पर ध्वज प्रणाम वालों से लेकर संगठन वाले भाईसाहब तक लगातार प्रणाम कर रहे हैं। महानगर की टीम में सबसे ज्यादा फोकस महामंत्री पद पर है। इस पद पर चार चेहरे आने हैं। वहीं महानगर की टीम में उपाध्यक्ष और मंत्री पद के लिए भी एक लंबी लाईन है। सूत्र बताते हैं कि दावेदारी में सिर्फ गिनती के नाम दिखाई देंगे लेकिन यहां अंडर द करंट लखनऊ से लेकर दिल्ली तक चल रहा है। एक ऐसी भी लॉबी है जो सिफारिश वाले चरणों से खुद को दूर दिखा रही है। ये चेहरे इन भाईसाहब से लेकर उन भाईसाहब तक चरण वंदना कर चुके है। लेकिन अब इन्होंने भाईसाहब के फुट से खुद को कई फुट दूर कर लिया है। इसकी रोचक वजह यह बताई जाती है कि बड़ा आश्वासन मिलने के बाद वो किसी को भी इस बात की भनक नहीं लगने देना चाहते कि उन्हें आश्वासन मिल चुका है। वो दबी जुबान से ये बता भी रहे हैं कि ये भाजपा है यहां अपने ही जड़े खोदते हैं। इन सब के बीच सूत्र बता रहे हैं कि जून का महीना इंतजार में बीतना तय था और वो बता रहे हैं कि अभी जुलाई के महीने में भी आसार दिखाई नहीं दे रहे है। सूत्र बताते हैं कि महानगर की टीम को लेकर अभी लखनऊ स्तर पर नामों की भी चर्चा नहीं हुई है। सभी जिलों के अध्यक्ष पुरानी टीम से काम चला रहे हैं और उनका काम चल भी रहा है। नए चेहरे नई टीम में आकर अपने ड्रीम को पूरा करना चाहते हैं। बहरहाल जून के महीने के बाद ये इंतजार जुलाई के महीने में भी दिखाई पड़ सकता है। सूत्र बताते हैंकि पार्टी का फोकस अभी आयामों पर है और वो सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जा रहे है।

# आस्था और सनातन के बल पर भारत फिर सोने की चिड़िया बनेगा : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

### कैलाश मानसरोवर यात्रा से वापस लौटने पर उत्तर प्रदेश के यात्रियों को योगी सरकार एक लाख रुपए देगी







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शनिवार शाम गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मिलकर आस्था और सनातन के बल पर भारत को सोने की चिड़िया बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने आस्था को आर्थिक की में बदलकर महाकुंभ से 3 लाख करोड़ का राजस्व कमाया। पर्यटन मंत्री शनिवार को इंदिरापुरम में स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ खुद तपस्वी और संत हैं । इसलिए वह सनातन व भारतीय संस्कृतिक विरासत को सुरक्षित और व्यवस्थित करने का सराहनीय काम कर रहे हैं। इसका सुखद व गौरवांवित आज क्षण आज गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर



भवन से कैलाश यात्रा के जत्थे को 5 साल बाद रवाना करने से हो रहा है। पर्यटन विधानसभा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से जो भी यात्री मानसरोवर कैलाश यात्रा पर जाएंगे, उन्हें वहां से वापस आने पर 90 दिन के अंदर प्रदेश सरकार की ओर से एक लाख रुपए का अनुदान राशि दी जाएगी। इसके लिए उन्हें केवल एक फॉर्म भरना होगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 5 साल बाद गाजियाबाद के मानसरोवर भवन से पहली बार साल 50 तीर्थ यात्रियों का जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना हो रहा है । कुल मिलाकर 15 जत्थे कैलाश यात्रा पर जाएंगे और प्रत्येक जत्थे में 50 तीर्थ यात्री शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि उन्हें गाजियाबाद से कैलाश यात्री को रवाना करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर होने पहले जितने के सभी यात्रियों को यात्री किट भी प्रदान की। पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा में यात्रियों के लिए सुविधा के संबंध में लगातार जानकारी लेते रहे हैं।

गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा के जिला प्रशासन की ओर से कैलाश की मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए हर संभव सुविधा प्रदान की गई है और तीर्थ यात्रियों से निवेदन किया गया है कि वह अपने सुझाव मानसरोवर भवन में रखें सुझाव रजिस्टर में अंकित करें ताकि भविष्य में यात्रियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार और सुविधाएं दी जा सके।

संगीत शिक्षा केंद्र वसुंधरा की ओर से शिव अर्चना के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोले शंकर व मां पार्वती के मधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इस भजन संध्या का माननीय मंत्री जी जयवीर सिंह जी व अन्य तमाम गणमान्यों ने महादेव के भजनों काआनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, संस्कृत एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, धर्मार्थ कार्य विभाग के निदेशक संजय सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम की प्रबंध निदेशक सान्या छाबड़ा, गाजियाबाद जिलाधिकारी दीपक मीना, आचार्य कुशल देव मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# निगम ने इंदिरापुरम में गंदगी फैलाने वाले संस्थानों से वसूला 2 लाख 42 हजार रुपए जुर्माना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में प्रतिबंधित पॉलीथिन, अतिक्रमण गंदगी व कोयला भट्टी चलाने वालों पर नगर निगम टीम ने वार्ड 100 व वार्ड 99 से 2,42,000 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान में मुख्य रूप से जेड एसओ ओमपाल, एसएफ अशोक कुमार, एस एफआई श्वेता सिंह, सफाई नायक संदीप कुमार ने दुकान के सामने कचरों का ढेर लगा कर गंदगी फैलाने वाले व्यवसायियों से नगर निगम ने जुर्माना किया। टीम ने इंदिरापुरम में आसपास सभी दुकानों की जांच की और प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर संचालकों पर 2 लाख 42 हजार रुपए वसूले।

इंदिरापुरम में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में दुकानदारों को बार-बार समझाइश दे रही है। नहीं मानने वालों पर जुर्माना कर रही है। पॉलीथिन देने वालों और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना किया। जोनल प्रभारी सुनील राय ने बताया कि दुकानों में हानिकारक प्लास्टिक पन्नी एवं डिस्पोजल से बनी वस्तुओं की खरीदी-बिक्री हो रही है। बार बार चेतावनी के बाद भी प्रतिष्ठानों एव अन्य स्थलों में खुले में गंदगी फैला रहे हैं। प्लास्टिक का व्यवसाय धड़ल्ले से चल रहा है। निगम आयुक्त के आदेशानुसार निगम के अतिक्रमण दल के द्वारा अवैध कब्जा कर गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर लाखों रुपए की चालानी कार्यवाही की गई और प्रतिबंधित पॉलिथीन रखने और बेचने वालो पर दुकानदारों से जब्ती की गई है।

# मासूम बच्ची की हत्या, अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा

## न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट गाजियाबाद द्वारा लगाया गया 1,70,000 रुपए का अर्थ दंड





### - पुलिस की मजबूत पैरवी बनी सजा की वजह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना लिंक रोड क्षेत्र में जनवरी माह में एक पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण का दुष्कर्म एवं हत्या की घटना कर उसके शव को छुपाने के मामले के मुख्य आरोपी को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट गाजियाबाद द्वारा अभियुक्त नूर आलम को आजीवन कारावास और 1,70,000 रुपए जुर्माने से दंडित किया गया है। शुक्रवार को यह आदेश किया गया है। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेचक द्वारा शीघ्र जांच पूर्ण कर कोर्ट में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था। साथ ही अभियोजन अधिकारी एवं कोर्ट पैरोंकार द्वारा प्रभावी पैरवी के वजह से इतनी जल्दी इस पूरे मामले में आरोपी को सजा मिल पाई है।

बता दें कि इस मामले की विवेचना लिंक रोड थानाध्यक्ष प्रीति सिंह जबकि विशेष लो अभियोजक उत्कर्ष वत्य और कोर्ट पैरोंकार आरक्षी अरुण कुमार भाटी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### लगभग पांच महीने में कोर्ट ने की पूरी सुनवाई और सुनाया सजा का फैसला

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में जानकारी है कि जनवरी 2025 में लिंक रोड थानाक्षेत्र में एक पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या कर घटना को अंजाम देते हुए शव को ठिकाने लगा दिया गया था। इस घटना में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी नूर आलम जो की बस हेल्पर था, उसे गिरफ्तार किया था। फिर इस मामले में पुलिस ने मजबूती के साथ सभी साक्ष्य जुटाए और केस डायरी में संलग्न किया और फिर न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया। जिसकी वजह से इस पूरे मामले में शीघ्र सुनवाई और न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट गाजियाबाद में सुनवाई पूरी हो पाई है। सुनवाई के बाद इस मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और 1,70,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है।

### विवेचक प्रीति सिंह ने की मजबूत लिखा-पढ़त

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में आरोपी बस हेल्पर नूर आलम को सजा दिलाने में इस केस की विवेचना कर रही थानाध्यक्ष लिंक रोड प्रीती सिंह ने इस पूरे मामले के सभी साक्ष्य और पत्र संकलित किए थे, तो वहीं कोर्ट पैरोंकार आरक्षी अरुण कुमार भाटी द्वारा भी मजबूत पैरोंकारी की गई। तो वहीं विशेष लोकअभियोजन उत्कर्ष द्वारा भी इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। बता दें कि इससे पहले भी कई बड़े व कड़े फैसले गाजियाबाद पुलिस के मेहनत के चलते लिए गए हैं।

# जब जलनिगम टी-पॉइंट पर देखा सीपी ने जाम, कहा- रॉन्ग साइड वाहन लाने वालों पर लगाई जाए लगाम

### - यातायात पुलिसकर्मियों को दिया एक्शन प्लान बनाने का निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नए कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा कई अभियान और दिशा निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड विजयनगर थानाक्षेत्र में पिंक बूथ का निरीक्षण करने गए थे। इस दौरान उनको जल निगम टी-पॉइंट पर भीषण जाम देखने को मिला। इस पर उन्होंने पाया कि जाम का मुख्य कारण रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों का आवागमन है। इस पर पुलिस कमिश्नर ने यातायात पुलिस के अधिकारियों और इलाके के उप निरीक्षक यातायात को निर्देशित किया है कि चौराहे पर गलत दिशा में आने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही नियमित रूप से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि पीक अवर्स में जाम की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। वहीं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने यातायात पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी है कि वह कुछ दिनों बाद यहां का फिर निरीक्षण करेंगे और अगर लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस कमिश्नर का निर्देश नियम तोड़ने वालों पर हो कार्रवाई



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने विजयनगर जल निगम टी पॉइंट पर जाम की स्थिति को देखकर निर्देश दिया है कि बिना सीट बेल्ट, शराब का सेवन और विपरीत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान को निरंतर रूप से जारी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसके साथ बिना हेलमेट, तीन सवारी, रेड लाइट जंप करने वाले वाहन चालकों पर भी एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस समय-समय पर अभियान तो चलती है। साथ ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने का अभियान भी समय-समय पर चलाया जाता है।

### ऑटो-ईरिक्शा पर ओवरलोड को लेकर सख्ती से की जाए कार्रवाई

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने इस दौरान यातायात पुलिस के कर्मचारियों को कहा है कि ऑटो- ईरिक्शा में क्षमता से अधिक ओवरलोड बैठने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी जाए कि अगर वह ड्राइवर सीट के दाएं और बाएं सवारी बैठाएंगे तो उनपर कार्रवाई होगी।

### लगातार ग्राउंड पर उतरकर पुलिसिंग कर रहे हैं नए पुलिस कमिश्नर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड गाजियाबाद में चार्ज लेने के बाद से अलग पुलिसिंग कर रहे हैं। तो वहीं लगातार वह फील्ड पर उतरते हैं और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दे रहे हैं। वह पिंक बूथ, थानों और सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो। पुलिसकर्मी बेहतर काम करें और जनता को परेशानी कम से कम होने पाए।

## संपादकीय

# ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा?

इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों पर अचानक हमला करके न सिर्फ सबको चौंका दिया है बल्कि इस पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता के भंवर में डाल दिया है। अमेरिका ने तत्काल यह साफ किया कि इस कार्रवाई में वह शामिल नहीं है। वहीं, यह लगभग तय माना जा रहा है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा।

**नया ऑपरेशन :** इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया।

> **सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। वह खुद को इजरायल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है।**

**छिड़ेगी जंग :** ईरान ने माना है कि इन हमलों में उसके कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है।

**दुष्प्रभावों की शुरुआत :** इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13% बढ़ गईं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था।

**अमेरिका से बातचीत :** इजरायल के इन आरोपों की स्वतंत्र तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। यह बात भी सच है कि इस मसले पर अमेरिका से ईरान की बातचीत चल रही थी। रविवार को दोनों पक्षों में अगले दौर की वार्ता होनी थी। ऐसे में इजरायल की अचानक की गई इस कार्रवाई के बाद सभी पक्षों की नजरें इस पर टिक गई हैं कि आगे घटनाक्रम कैसा रूप लेता है।

**ईरान का रुख :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई का स्वरूप कैसा और उसका दायरा कितना बड़ा होता है। वह खुद को इजरायल के खिलाफ सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रखता है या अमेरिकी दूतावासों व अन्य ठिकानों को भी जद में लेता है या होरमुज की खाड़ी से गुजरते जहाजों को भी निशाना बनाता है जहां से 21% ग्लोबल तेल की सप्लाई होती है।

# 'हादसे में मारे गए व घायल हुए मेडिकल छात्रों की करें मदद' : आईएमए



**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की गुजरात शाखा ने टाटा संस के चेयरमैन को पत्र लिखकर अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में घायल और मृत मेडिकल छात्रों के लिए सहायता का अनुरोध किया है। पत्र में लिखा है, हम आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि दुर्घटना स्थल पर मौजूद मेडिकल छात्रों को वित्तीय सहायता और आवश्यक सहायता प्रदान करने पर विचार करें, जो इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में घायल हो गए या जिन्होंने अपनी जान गंवा दी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की गुजरात शाखा ने टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पत्र लिखकर दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने और बीजेएमसी कॉलेज छात्रावास के जीर्णोद्धार के लिए मदद देने की घोषणा के लिए एअर इंडिया का आभार जताया।

**हताहत मेडिकल छात्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भविष्य के स्तंभ: आईएमए –** उन्होंने कहा, हम आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि दुर्घटना स्थल पर मौजूद उन मेडिकल छात्रों को वित्तीय सहायता और आवश्यक सहायता प्रदान करने पर भी विचार करें, जो इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में घायल हुए या अपनी जान गंवा चुके हैं। ये लोग न केवल पीड़ित थे, बल्कि हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के भविष्य के स्तंभ भी थे, और उनकी भलाई और परिवार समान देखभाल और सहायता के हकदार हैं।

**आईएमए ने कहा- हमें उम्मीद, टाटा संस हमारी अपील पर विचार करेगा :** आईएमए ने टाटा संस से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हुए घायल हुए या जान गंवाने वाले मेडिकल छात्रों के लिए तुरंत समान सहायता घोषित करने की अपील की। आईएमए ने कहा, ₹हमें पूरी उम्मीद है कि आप इस अनुरोध पर करुणा और तत्परता से विचार करेंगे।₹ आईएमए गुजरात के अध्यक्ष डॉ मेहुल जे शाह, सचिव डॉ गार्गी एम पटेल और कोषाध्यक्ष डॉ. तुषार पटेल के हस्ताक्षर के साथ यह चिट्ठी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को भेजी गई है।

**टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद मेडिकल कॉलेज के मेस पर गिर गया था विमान :** गुरुवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास एयर इंडिया का एक विमान दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। यह विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकंड के बाद हवाई अड्डे से सटे बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस के ऊपर गिर गया। दुर्घटना में विमान पर सवार 242 यात्रियों में से 241 लोगों की मौत हो गई। हादसे में मेडिकल कॉलेज के मेस में मौजूद छात्र और स्टॉफ भी बड़ी संख्या में हताहत हुए।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल बंद करेगी



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस गुरुवार को हुए एअर इंडिया विमान हादसे के बाद उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल करना बंद कर देंगे। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इस हादसे में 241 लोग मारे गए थे।

एअर इंडिया गुरुवार को 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के जरिए अहमदाबाद से लंदन से सटे गैटविक तक जाने के लिए उड़ान संख्या 'एआई 171' का संचालन कर रहा था। उड़ान भरने के तुरंत बाद बोइंग की ओर से बनाया गया यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह सामान्य प्रथा है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस उस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग बंद कर देती हैं। 17 जून से अहमदाबाद-लंदन गैटविक की उड़ान संख्या 'एआई 171' के बजाय 'एआई 159' होगी। एक सूत्र ने बताया कि बुकिंग सिस्टम में जरूरी बदलाव शुक्रवार को शुरू कर दिए गए हैं।

एक अन्य सूत्र ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी अपनी उड़ान संख्या 'आईएक्स 171' को समाप्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उड़ान संख्या '171' को बंद करना दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। 2020 में, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कोझीकोड में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की उड़ान संख्या का उपयोग करना भी बंद कर दिया। उस हादसे में 21 लोग मारे गए थे।

## राशिफल

**मेष :** उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आलस्य की अधिकता रहेगी।

**वृष :** परिश्रम की अधिकता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन :** नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। संयत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क :** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति से परेशान रहेंगे। आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग आय के साधन बन सकते हैं।

**सिंह :** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। माता के सहयोग से धन प्राप्ति के योग हैं। नौकरी के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कन्या :** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। माता का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** कारोबार में मित्रों का सहयोग मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। माता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** भाइयों के सहयोग से लाभ के मौके मिलेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में इच्छाविरुद्ध कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**धनु :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। तनाव से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सुधार आयेगा।

**मकर :** कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में शान्ति और प्रसन्नता रहेगी। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुखद समाचार मिलेंगे। मन अशान्त रहेगा। मन में नकारात्कता विचारों से बचें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन :** खर्च अधिक रहेंगे। रहन-सहन में असहज हो सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। क्रोध अतिरेक से बचें। किसी मित्र का आगमन हो सकता है।

## चुटकुले

ट्रेन में दो यात्री बात कर रहे थे
पहला – व्हाट्सएप इंसान को हमेशा आगे बढ़ाता है।
दूसरा – वो कैसे?
पहला – अब मुझे ही देखिए, दो स्टेशन पीछे उतरना था, लेकिन मैं तो आगे आ गया।

---

बेटा (पापा से) – कार की चाबी दो, कॉलेज जाना है फंक्शन है।
पापा – क्यों?
बेटा – 10 लाख की गाड़ी में जाऊंगा तो शान बढ़ेगी।
पापा – ये ले 10 रुपए, 30 लाख की बस में जायेगा, तो ज्यादा शान बढ़ेगी।

---

टिंकू– अगर आपकी प्रेमिका खूबसूरत, समझदार, ध्यान रखने वाली, कभी न जलने वाली और अच्छा खाना बनाने वाली हो तो उसे आप क्या नाम देंगे?
पिंकू– दुनिया की सबसे बड़ी अफवाह!

## दहेज देने से अच्छा, अपनी बेटी को सशक्त करना



लेखिका : प्राची शर्मा गोयल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अगर कल को मेरी बेटी होती है तो मैं अपनी बेटी को दहेज में सामान ना देकर उसको एक घर दूंगी। कहते हैं ना बेटियां पराई होती है। उनका कोई घर नहीं होता ना मायके में और ना ससुराल में। मगर मैं अपनी बेटी को जो घर दूंगी वह सिर्फ और सिर्फ उसका अपना घर होगा। उसके दरवाजे पर मेरी बेटी के नाम की तख्ती लगी होगी। वह गर्व से कह सकेगी कि यह मेरा घर है उसे घर के नाम पर कोई ताना नहीं मरेगा ना ही कोई धमकी देगा कि चल निकल मेरे घर से। शादी में लाखों रुपए लगा कर दिखावा करने से बेटर है की बेटी का फ्यूचर सुरक्षित किया जाए इसमें आप ऐसा भी कर सकते हैं की शादी से पहले ही उसके नाम से घर लेकर रखो। ससुराल में अगर खुश है तो आमदनी का सोर्स और अगर दुर्भाग्यपूर्ण नहीं बनी तो उसका घर उसके काम आ सकता है आखिर बेटी के बाप की ही जिम्मेदारी सबसे पहले होती है अपनी जान के टुकड़े को इस निर्दय समाज में सुरक्षा देने की, दूसरे लोगों को दहेज देने से अच्छा, अपनी बेटी को सशक्त करना है।

## बेटी बनी बारूद क्यू?



लेखिका : विधु गर्ग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** और हम तालियां बजाकर उस आग को ही घर के अंदर ला रहे हैं, जब बेटी के हाथ में किताब की जगह मोबाइल और दिल में संस्कार की जगह वासना, रील बना खुद को हीरोइन समझने के लालसा, शादी से पहले हमबिस्तर होने को आधुनिकता, हुक्का, बदतामिजी से उल्टा जवाब देने और शराब को मौज मस्ती का आधुनिक साधन माने,तब वो घर बसाने नहीं, घर जला देने आती है। सोनम रघुवंशी ने ऐसा ही किया( राजा रघुवंशी से शादी कर अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति का मर्डर करवा दिया) फिर खुद लापता बनकर मासूम लड़की की एक्टिंग करती रही। एक मां जो अपने बेटे की बारात में डोली देख रही हो और कुछ दिन बाद उसी बेटे की अर्थी उठाते हुए चुप हो जाए? राजा रघुवंशी की मां ने यही सहा, ये सिर्फ हत्या नहीं,मेरे बेटे के सपनों का बलिदान, पिता की मेहनत का अपमान,एक परिवार की दुनिया उजाड़ने वाला धोखा था। जरूर ये एक लंबी ट्रेनिंग का नतीजा था। क्योंकि मोबाइल में बोल्ड वीडियो, इंस्टाग्राम पर बॉयफ्रेंड्स की गर्वभरी झलकियाँ, मैं अपने फैसले खुद लेती हूँ वाला एटीट्यूड, उस मां की परवरिश, जिसने बेटी को संस्कारों से ज्यादा स्टाइल और आजादी सिखाई। सोशल मीडिया की क्वीन बनने की दौड़ में, बेटियां अब बहू नहीं रहीं निर्दयी बन गई हैं। जो पति को एटीएम मानती हैं,ससुराल को कैदखाना,और अपने नाजायज रिश्तों को पर्सनल चॉइस। सवाल यह है कि क्या हमने उन्हें आजादी से पहले ज़िम्मेदारी सिखाई थी? हम बेटियों को आकाश देना चाहते हैं,दीजिए। लेकिन.... पंख देने से पहले चरित्र की जड़ें मजबूत कीजिए।बेटी जब मां की गोद में फूल बनती है,तो वही फूल अगर संस्कारविहीन हो जाए,तो जहर भी बन सकता है। अब समाज को चुप रहने का हक नहीं! राजा रघुवंशी जैसे लाखों बेटे, भाई, दामाद अब सिर्फ तलाक और झूठे केस नहीं झेल रहे,सीधे मारे जा रहे हैं। ड्रम हो या फिर हनीमून। बेटी अगर देवी है, तो बेटा बलि का बकरा नहीं ह, वो किसी के जिगर का टुकड़ा है, चिराग ह घर का, उम्मीद ह मां बाप के बुढ़ापे की,हर मां-बाप को, हर लड़की को, हर नारीवादी को समझना होगा।आज नारीवाद की आड़ में एक सुनियोजित अपराध पनप रहा है।बॉयफ्रेंड चाहिए, पति की संपत्ति चाहिए,लेकिन पति नहीं चाहिए। अब बहुत हुआ- अब समाज को फिर से वही संस्कार सिखाने होंगेकि शादी मतलब दो आत्माओं का मेल है, सौदेबाजी नहीं। पति दुश्मन नहीं, जीवनसाथी होता है।और बेटी सिर्फ शरीर नहीं, चरित्र भी होती है। अब वक्त है, बेटियों को उड़ान के साथ साथ, दिशा भी दीजिए। वरना वो चील बन जाएंगी जो घरों को नोंच डालेंगी। – विधु गर्ग


# ब्याज दरों में कटौती से एफपीआई का रुख बदला

**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 3,346.94 करोड़ रुपये डाले हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने यह जानकारी दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को ब्याज दरों में 50 आधार अंक की कटौती करने का फैसला किया। इस घोषणा ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को भारतीय बाजारों की तरफ आकर्षित किया।

**इस्त्राइल-ईरान संघर्ष बढ़ने से माहौल फिर बिगड़ा**

9 जून से 13 जून तक सप्ताह के पहले तीन कारोबारी सत्रों में एफपीआई का मजबूत प्रवाह हुआ। हालांकि, सप्ताह के अंत में इस्त्राइल-ईरान के बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों को चिंता में डाला। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 3,275.76 करोड़ रुपये निकाले। इस बड़ी बिकवाली के कारण सप्ताह के लिए शुद्ध निवेश का आंकड़ा घटकर 3,346.94 करोड़ रुपये रह गया।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षों में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का नया चैंपियन



**नई दिल्ली।** एडेन मार्करम के शतक और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए हुई 147 रनों की साझेदारी की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बावजूद खिताब का बचाव नहीं कर सकी। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी तीसरे दिन 207 रन पर सिमट गई थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 281 रन हुई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत झटके के साथ हुई। रेयान रिकेल्टन सिर्फ छह रन बना पाए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपना शिकार बनाया। वहीं, वियान मुल्डर सिर्फ 27 रन बना पाए। उन्हें भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा था। 70 के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी प्रोटियाज टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी। एडेन मार्करम ने टेम्बा बावुमा के साथ शतकीय साझेदारी निभाई और जीत की नींव रखी।

दक्षिण अफ्रीका ने चौथे दिन की शुरूआत दो विकेट पर 213 रन से की थी, लेकिन टीम ने शनिवार को बावुमा का विकेट जल्द गंवाया जो 134 गेंदों पर 66 रन बनाकर आउट हुए। बावुमा को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। फिर ट्रिस्टन स्टब्स भी स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए और आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्करम हालांकि डटे रहे और टीम को जीत की दहलीज पर ले आए। लेकिन वह मैच फिनिश नहीं कर सके और जोश हेजलवुड की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मार्करम 207 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 136 रन बनाकर आउट हुए। डेविड बेडिंघम और काइल वेरेने ने आखिरकार मैच समाप्त किया और दक्षिण अफ्रीका का खिताबी सूखा समाप्त किया।

बेडिंघम 21 रन और वेरेने चार रन बनाकर नाबाद लौटे ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में स्टार्क ने तीन विकेट झटके, जबकि हेजलवुड और कमिंस को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की विजेता बनने वाली तीसरी टीम है। इससे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने यह खिताब अपने नाम किया है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले कप्तान बने तेम्बा बावुमा, विलियमसन को पीछे छोड़ा

**- टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी।**

**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। बावुमा डब्ल्यूटीसी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। बावुमा दूसरी पारी में 134 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 66 रन बनाकर आउट हुए।

## ऑस्ट्रेलिया ने दिया 282 रनों का लक्ष्य

गत विजेता ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी तीसरे दिन 207 रन पर सिमट गई थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त हासिल थी। इस तरह दूसरी पारी के बाद ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 281 रन की हुई।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे कप्तान

बावुमा भले ही आउट हो गए, लेकिन उन्होंने बड़ी उपलब्धियां अपने नाम कर ली। बावुमा अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विलियमसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2021 में भारत के खिलाफ 89 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए थे। विलियमसन ने इसी मैच में 49 रनों की भी पारी खेली थी। अब बावुमा ने विलियमसन को पीछे छोड़ दिया। इतना ही नहीं, बावुमा डब्ल्यूटीसी फाइनल में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे कप्तान बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने विलियमसन की बराबरी कर ली है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बावुमा और एडेन मार्करम ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को सुखद स्थिति तक पहुंचाया। बावुमा इस दौरान पैर की परेशानी से भी जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बल्लेबाजी करते रहे। चौथे दिन पैट कमिंस ने बावुमा को अपना शिकार बनाया जिससे बावुमा और मार्करम के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 147 रनों की साझेदारी टूट गई।

# तेंदुलकर मास्टर्स ने धोनी फाइटर्स को हराया, अगस्त्य फाइटर ऑफ द मैच



**अलीगढ़।** अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज के मैदान पर 13 जून को अलीगढ़ क्रिकेट एकेडमी द्वारा मेमोरियल अंडर-14 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन हुआ। जिसमें तेंदुलकर मास्टर्स ने 20 ओवर में 7- विकेट पर 221 रनों का विशाल स्कोर बनाया। मोनू यादव ने 31- गेंदों में 8 चौके 6 छक्के के साथ 77- रन बनाए। आकाश कुमार ने 7 चौके, 2 छक्के के साथ 47 रन बनाए। पीयूष यादव 39- राम गुप्ता 26 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए अगम गौड़ और अगस्त्य वर्मा ने 2-2-विकेट लिए, उदय माहौर, राघव वार्ष्णेय, अंश गुप्ता ने 1-1-विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए धोनी फाइटर्स की पूरी टीम ताश के पत्तों की तरहं टीम 41 रनों पर सिमट गई। पूरी टीम 8 ओवर में 41 रनों पर ऑल आउट हो गई। 6 बल्लेबाज जीरो पर आउट हुए। स्पिन गेंदबाज तनिश कनौजिया ने 4- ओवर में 16- रन देकर 6- विकेट लिए, मोनू यादव ने 4- ओवर में 20 रन देकर 4- विकेट लिए।

अगस्त्य वर्मा को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। अंपायरिंग दिव्य चतुर्वेदी और विष्णु बघेल ने की, स्कोरिंग कृष्णा गोयल ने की, कमेंट्री अजय शर्मा ने की। इस मौके पर राहुल वार्ष्णेय, नरेश कुमार, अजीम खान, अंकित माहेश्वरी, विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन चमके गिल, राहुल और शार्दुल, शुभमन-केएल ने जड़े अर्धशतक

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच में हिस्सा लिया। मैच के पहले कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर ने चमक बिखेरी। ये इंट्रा स्क्वाड मैच कैंट में खेला जा रहा है जो टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस मैच को दर्शकों की अनुपस्थिति में खेला जा रहा है और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो रहा है। दरअसल, भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते थे कि यह मैच दर्शकों के बिना खेला जाए और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो जिससे टीम की रणनीति गुप्त रखी जा सके। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन के खेल की झलक दिखाई गई है। शुरूआती दिन शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक लगाए, जबकि ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने



गेंदबाजी में प्रभावित किया। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'बेकेनहम में इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन मजबूत शुरूआत देखने मिली। केएल राहुल और कप्तान गिल ने अर्धशतक लगाए, जबकि शार्दुल ने विकेट झटके।' राहुल ने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में शतक लगाया था और उन्होंने 116 रनों की पारी खेली थी। दूसरी तरफ, गिल ने दौरे की अच्छी शुरूआत की है जो पहली बार कप्तानी का जिम्मा भी संभालने जा रहे हैं। गिल का भारत के बाहर कुछ खास रिकॉर्ड नहीं रहा है। उन्होंने इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच खेले हैं और सिर्फ 88 रन बनाए हैं। उनका इंग्लैंड में सर्वोच्च स्कोर 28 रन रहा है। भारत के नए टेस्ट कप्तान के सामने इस दौरे पर कठिन चुनौती होगी। वहीं, गौतम गंभीर को पारिवारिक कारणों की चलते स्वदेश लौटना पड़ा है। बताया जा रहा है कि वह पहला टेस्ट मैच शुरू होने से पहले टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में तीसरा सबसे सफल रन चेज, मार्करम चमके



**दक्षिण अफ्रीका।** दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्करम की शतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब अपने नाम कर लिया है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही पहली बार डब्ल्यूटीसी की विजेता बनी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम खिताब का बचाव नहीं कर सकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बावजूद चैंपियन बनने से चूक गई।

## दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का सूखा समाप्त किया

दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अंतराल के बाद कोई आईसीसी खिताब अपने नाम किया है। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने इस खिताबी सूखे को समाप्त किया और लॉर्ड्स मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में कप्तान बावुमा और एडेन मार्करम का योगदान काफी अहम रहा। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की और टीम की जीत की नींव रखी।

## लॉर्ड्स में पांचवीं बार चेज हुआ 200+ रनों का लक्ष्य

दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में सबसे सफल रन चेज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। 2008 में पर्थ में खेले गए उस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 414 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं इस टीम के खिलाफ वह 2002 में डरबन में 335 रनों का लक्ष्य भी प्राप्त कर चुकी है। अब दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही अपने टेस्ट करियर का तीसरा सफल रन चेज किया। यह लॉर्ड्स मैदान पर भी संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। यह पांचवीं बार है जब इस मैदान पर टेस्ट में 200+ रनों का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

## बढ़त लेने के बावजूद हारी ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी तीसरे दिन 207 रन पर सिमट गई थी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 212 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली थी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 281 रन हुई थी। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत झटके के साथ हुई। रेयान रिकेल्टन सिर्फ छह रन बना पाए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपना शिकार बनाया। वहीं, वियान मुल्डर सिर्फ 27 रन बना पाए। उन्हें भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा था। 70 के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी प्रोटियाज टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी। एडेन मार्करम ने टेम्बा बावुमा के साथ शतकीय साझेदारी निभाई और जीत की नींव रखी।

## दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी

दक्षिण अफ्रीका ने चौथे दिन की शुरूआत दो विकेट पर 213 रन से की थी, लेकिन टीम ने शनिवार को बावुमा का विकेट जल्द गंवाया जो 134 गेंदों पर 66 रन बनाकर आउट हुए। बावुमा को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। फिर ट्रिस्टन स्टब्स भी स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए और आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्करम हालांकि डटे रहे और टीम को जीत की दहलीज पर ले आए। लेकिन वह मैच फिनिश नहीं कर सके और जोश हेजलवुड की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मार्करम 207 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 136 रन बनाकर आउट हुए। डेविड बेडिंघम और काइल वेरेने ने आखिरकार मैच समाप्त किया और दक्षिण अफ्रीका का खिताबी सूखा समाप्त किया। मार्करम को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## डब्ल्यूटीसी चैंपियन बनने वाली तीसरी टीम

बेडिंघम 21 रन और वेरेने चार रन बनाकर नाबाद लौटे ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में स्टार्क ने तीन विकेट झटके, जबकि हेजलवुड और कमिंस को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की विजेता बनने वाली तीसरी टीम है। इससे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने यह खिताब अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल सूखा समाप्त कर लिया है।

# भारतीय फुटबॉल में विवाद जारी, एआईएफएफ प्रमुख चौबे ने भूटिया पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया पर अपने ह्यनिहित स्वार्थह्न के लिए व्यावसायिक अकादमियां चलाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ने हालांकि इन आरोपों को निराधार बताया।

चौबे का यह आरोप हाल ही में एएफसी एशियाई कप क्वालाफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से भारत की चौंकाने वाली हार के बाद भूटिया द्वारा एआईएफएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा मांगने के जवाब में था। भूटिया ने कहा था कि चौबे ने भारतीय फुटबॉल को नष्ट कर दिया है। चौबे से जब भूटिया की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 विभिन्न शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10000 रुपये तक महीना लिया जाता है।'

चौबे बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) का जिक्र कर रहे थे, जिसकी देश



भर में कई अकादमियां हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा, 'यह पूरी तरह से निहित स्वार्थ है, पूरी तरह से व्यावसायिक है। वे (अकादमी) परिवारों की भावनाओं, लोगों की भावनाओं के साथ खेलकर अनुचित लाभ उठा रहे हैं। लोग सोचते है कि उस व्यक्ति ने भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर पर पहुंच बनाई है और अगर मैं (अकादमी में बच्चा) उनकी अकादमी का हिस्सा बन सकता हूं, तो मैं भी एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में अपना जीवन बना सकता हूं।'

भूटिया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चौबे को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अकादमी कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने फुटबॉल स्कूल अपनी मेहनत की कमाई से खोले हैं। भूटिया ने सिक्किम से कहा, 'वह (चौबे) ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास जानकारी का आभाव है। वह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्हें फुटबॉल अकादमी के बारे में कुछ भी नहीं पता। मैंने 14 साल पहले अपनी मेहनत की कमाई से फुटबॉल स्कूल खोले हैं। राज्यों, केंद्र और कॉरपोरेट्स से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली।'

उन्होंने कहा, 'पिछले दो सालों में बच्चों की मदद के लिए केवल कुछ ही प्रायोजक आए हैं। देश भर में मेरे स्कूलों में हर दिन 6000 से अधिक बच्चे खेलते हैं। एआईएफएफ भी ऐसा नहीं कर सकता।' उन्होंने कहा, 'वह फीस की बात कर रहे हैं लेकिन मेरे स्कूलों में 150 योग्य कोच और उनके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मैदानों का खर्च कौन उठाएगा, कोई भी मुझे वित्तीय रूप से मदद नहीं कर रहा है। अकादमी चलाने के लिए मुझे फीस तो लेनी ही होगी। लेकिन मुझे नहीं पता कि वह कहां से 10,000 रुपये प्रति बच्चा प्रति माह की फीस की बात कर रहे हैं ।हम इतना शुल्क नहीं लेते हैं।'

# इन खिलाड़ियों ने जड़ी इंट्रा-स्क्वाड मैच में फिफ्टी, शार्दुल ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया बेकेनहैम में 4 दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेल रही है। इस मैच में पहले दिन यानी 13 जून को भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा ने बल्लेबाजी में दम दिखाया जबकि शार्दुल ठाकुर गेंदबाजी में चमके। भारत 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट सीरीज के लिए अपनी तैयारियों को आखिरी रूप देने में लगा है। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर के आग्रह पर बिना किसी मीडिया कवरेज के बंद दरवाजों के पीछे हो रहे चार दिवसीय मैच सिमुलेशन अभ्यास ने कई खिलाड़ियों को इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने का मौका दिया। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में मैच के पहले दिन के टॉप प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का खुलासा किया। बीसीसीआई ने पोस्ट के जरिए बताया कि पहले दिन केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाया जबकि गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर का जलवा रहा।

वहीं केएल राहुल ने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में शतक लगाया था और 116 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। राहुल ने आईपीएल 2025 के अपने शानदार फॉर्म को जारी रखा है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए ये दौरे की बेहतरीन शुरूआत है जिन्हें रोहित शर्मा के बाद टीम की कमान मिली है। गिल का भारतके बाहर टेस्ट में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी की भारत की उम्मीदों को लगेगा झटका ?

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की टीम इतिहास रचने के बिल्कुल नजदीक है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अपना दबदबा बना लिया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम जीत से महज 69 रन दूर है और उसके आठ विकेट बाकी हैं। ऐसे में इस साल टेस्ट को नया चैंपियन मिल सकता है। 2021 में न्यूजीलैंड और 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने खिताब जीता था। हालांकि, पिछले दोनों फाइनल में भारतीय टीम फाइनल का हिस्सा रही थी। दो हार के बाद भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करने की इच्छा जताई थी। हालांकि, भारत की उम्मीदों को झटका लगता दिख रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि आईसीसी भारत में फाइनल कराने को तैयार नहीं है। आईसीसी इंग्लैंड के साथ अगले तीन फाइनल के विंडो के लिए करार भी करने जा रहा है।

## आईसीसी इंग्लैंड के समर्थन में

टेलीग्राफ यूके की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पैट कमिंस के समर्थन के बावजूद डब्ल्यूटीसी फाइनल को इंग्लैंड से बाहर स्थानांतरित करने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक,



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अगली तीन विंडो के लिए इंग्लैंड में फाइनल की मेजबानी करने के अपने इरादे के बारे में बता दिया है। उन्होंने कहा, 'भारत द्वारा इस शोपीस इवेंट की मेजबानी की इच्छा जताने के बावजूद इंग्लैंड क्रिकेट अगले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल्स की मेजबानी के लिए आईसीसी के साथ सहमत होने के करीब है।'

## 2019 में हुई थी डब्लूटीसी की शुरूआत

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2019 में शुरू हुई थी। इस दौरान दो साल के चक्र में टीमें आपस में टेस्ट सीरीज खेलती हैं। अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें फाइनल में भिड़ती हैं। अब 2027 में अगला टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला जाएगा। बीसीसीआई ने आईसीसी के सामने 2023 फाइनल में हार के बाद भारत में फाइनल मुकाबले आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की थी।

## अगले तीन संस्करण के फाइनल इंग्लैंड में

मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह हैं जो बीसीसीआई में सचिव पद पर भी रह चुके हैं। जब भारत ने फाइनल की इच्छा जताई थी तो जय शाह बीसीसीआई सचिव थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी के हितधारकों ने इस पर चर्चा की है, लेकिन वह भारत में फाइनल कराने को सहमत नहीं दिखे। अब इंग्लैंड को अगले तीन संस्करणों (2027, 2029 और 2031) के फाइनल की मेजबानी के लिए मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है। आईसीसी जुलाई में सिंगापुर में अपने अगले वार्षिक सम्मलेन में इसका एलान कर सकता है।

## सिंगापुर में लग सकती है मुहर

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगले महीने सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में इस फैसले पर मुहर लग जाएगी। वहीं, ईसीबी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी फाइनल के समाप्त होने के तुरंत बाद ही 2027 के डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए योजना बनाना शुरू कर देगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीन फाइनल की मेजबानी करने के बावजूद इंग्लैंड पिछले तीनों संस्करण में फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा है।

# अस्पताल की ओपीडी से गायब रहे डॉक्टर
# अब सीएमएस ने जारी किया नोटिस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल की ओपीडी में सुबह आठ बजे से लेकर दो बजे के बीच अधिकांश चिकित्सक ओपीडी कक्ष से गायब रहते हैं। इतना ही नहीं निर्धारित वेशभूषा(ड्रेस) में भी ड्यूटी पर नहीं रहते हैं। इसके चलते मरीजों को घंटों लाइनों में लगकर इंतजार करना पड़ता है। गर्मी के चलते कई मरीज थककर नीचे बैठ जाते हैं या बेंच पर लेट जाते हैं। इस संबंध में आए दिन मरीजों द्वारा सीएमएस के अलावा उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा रही है। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के सीएमएस डा. संजय गुप्ता ने पहली पर अस्पताल में कार्यरत सभी चिकित्सकों को नोटिस जारी कर दिया है।

नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि इसके बाद भी कोई चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ओपीडी में सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक अनुपस्थित रहता है और निर्धारित वेशभूषा(ड्रेस) में नहीं पाया जाता है तो संबंधित के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। जिसका पूर्ण उत्तर दायित्व उनका स्वयं का होगा। नोटिस में लिखा है कि इस चिकित्सालय में आने वाले मरीजो द्वारा लिखित में शिकायत की जा रही है कि ओपीडी कक्ष में चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। जिस कारण मरीजों को घंटों चिकित्सक के इंतजार में लाईन में खड़ा रहना पड़ता है।अतः ओपीडी ड्यूटी करने वाले समस्त चिकित्साधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपनी ड्यूटी पर समय (8.00 एएम से 2.00 पीएम तक) निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) में उपस्थित रहें।

इस नोटिस के बाद चिकित्सकों में खलबली मच गई है। बता दें कि शासन स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी के माध्यम से भी जिला अस्पतालों की ओपीडी, इमरजेंसी, वार्ड, पैथालाजी लैब और दवा काउंटर की पल पल निगरानी की जाती है। कई बार इस संबंध में शासन की ओर से संयुक्त अस्पताल के अलावा जिला एमएमजी अस्पताल के सीएमएस को नोटिस जारी हो चुके हैं।

# नोएडा प्राधिकरण की 218वीं बोर्ड लिए निर्णय जर्जर भवनों के रि-डिवलेपमेंट पॉलिसी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में जर्जर हो चुकी बहुमंजिला ग्रुप हाउसिंग और श्रमिक कुंज , लो राइज ग्रुप हाउसिंग अपार्टमेंट की लिविंग कंडीशन को सुधार किया जाएगा। इसके लिए पॉलिसी बनेगी। जिस पर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। ये मंजूरी नोएडा प्राधिकरण ने अपनी 118वीं बोर्ड में दी। बोर्ड की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज सिंह ने की।

बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह, ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी , एसीईओ यमुना कपिल सिंह, जीडीए के एसीईओ अतुल वत्स मौजूद रहे।

दरअसल ये भवन नोएडा प्राधिकरण की ओर से सन 1980 से लेकर 2000 के बीच बनाए गए।इसमें कोआपरेटिव सोसाइटी और कंपनियों के आवासीय कालोनी भी शामिल है। इनको रि-डेवलेप करने के लिए एक पॉलिसी बनाई जाएगी। जिस पर बोर्ड ने सैद्धांतिक मंजूरी दी है। पॉलिसी में डेवलपर की नियुक्ति , पुनर्विकास के लिए डेवलपर का चयन, निर्माण का क्राइटेरिया अलावा जुमार्ना, पुनर्स्थापना के नियम आदि को बनाया जाएगा। इन नियमों के आधार पर केस टू केस स्टडी कर रिडेवलपमेंट किया जाएगा। ये निर्णय काफी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि हाल ही में सीईओ लोकेश एम ने श्रमिक कुंज का निरीक्षण किया था। वहां फ्लैटों की हालत काफी जर्जर थी।

बैठक की शुरूआत अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत दिए जाने वाले लाभ से की गई। बताया गया कि 26 जून 2025 तक 57 बिल्डर परियोजनाओं में 34 परियोजनाओं ने इस योजना का लाभ लिया। इन्होंने योजना के तहत 25 प्रतिशत पैसा यानी 518 करोड़ जमा किया। ये कुल डेवलपर्स का 60 प्रतिशत है। वहीं 13 ऐसे बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिन्होंने आंशिक पैसा करीब 25.45 करोड़ रुपए जमा कराए। ऐसे मे कुल 543.45करोड़ रुपए जमा हुए। इससे कुल 4777 रजिस्ट्री कराई जा सकेंगी। जिसमें से 3125 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है।

## 220 केवी का बिजली घर, 7 और 5 स्टार होटल और मिला इलेक्ट्रानिक सेक्टर

### 220केवी का बिजली घर

नोएडा में लगातार बढ़ रहे लोड को देखते हुए मास्टर प्लान 2031 के अनुसार यहां 220 केवी बिजली सब स्टेशन की आवश्यकता होगी। इस स्टेशन का चरणबद्ध तरीके से निर्माण का जो भी खर्च आएगा उनका खर्चा नोएडा प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा। इससे नोएडा को ओवर लोड के बाद भी यहां बिजली की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इलेक्ट्रानिक उद्योगों के होगा सेक्टर

उप्र सरकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन-2022) को प्राथमिकता देते हुए नोएडा क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स मैनुफैक्चरिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-164 में आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 6 भूखंडों को रिजर्व कर दिया गया है। इन छह भूखंड पर सिर्फ इलेक्ट्रानिक मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट को ही स्थापित किया जा सकता है। साथ ही पॉलिसी के तहत जो भी लाभ है कंपनी आवंटी को दिया जाएगा।

### नोएडा में बनेंगे 7 स्टार होटल

नोएडा में अब भी फाइव और सेवन स्टार होटल की कमी है। जबकि यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा इंटरनेशनल फिल्म सिटी, तमाम कंपनियां और इंटरनेशनल इवेंट होते रहते है। होटल की कमी से यहां आने वाले लोग दिल्ली में रुकते है। अब नोएडा में 7 स्टार एवं 5 स्टार लग्जरी होटल बनाए जाएंगे। इस योजना को पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा। इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। इस क्रम में प्राधिकरण शीघ्र ही भूखंड चिह्नित कर योजना निकालेगा। इसके अलावा औद्योगिक, संस्थागत, आवासीय भूखंड एवं ग्रुप हाउसिंग विभाग की भूखंड आवंटन योजनाओं के ब्रोशर पर सहमति दी गई।




# निवेश के नाम पर 69 लाख की ठगी
## वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ा, 17 बार में अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर

**नोएडा करंट क्राइम।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कारोबारी के साथ 69 लाख 3 हजार रुपए की ठगी कर ली। एक महीने तक ठगों ने पीड़ित से 17 बार में अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। जब पीड़ित पर और रकम निवेश करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उसे ठगी की आशंका हुई और उसने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,पुलिस उन खातों की जांच कर रही है।

### ऐप डाउनलोड कराया

पुलिस को दी शिकायत में जेपी विश टाउन निवासी विनय कुमार ने बताया कि इसी साल 7 अप्रैल को A33 SMC ग्लोबल सिक्योरिटीज ग्रुप से जोड़ दिया गया। उन्होंने अपने वेब पेज पर एक एडवांस्ड ब्रोकर अकाउंट (अइअ) खोला और ऑफर किया। इसके बाद उन्होंने पैसा निवेश के लिए कहा। इसके लिए चालू खाते का नंबर भी दिया। आईपीओ और ट्रैड की जानकारी लगातार वॉट्सऐप ग्रुप पर दी जाती रही। स्क्रीन शॉट भी डाली जाती रही। जिसमें मुनाफा दिखाया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग अकाउंट दिए। रकम वापस मांगी तो किया बाहर निवेश के लिए कहने पर 17 बार में अलग-अलग खातों में 69 लाख 3 हजार रुपए ट्रांसफर किए। हर बार ऐप की स्क्रीन पर मुनाफा दिखता मिला। पहली बार मुनाफा निकाला तो निकल गया। इससे विश्वास हो गया। इसके बाद पैसे लगाता रहा। जब मुनाफा की रकम ज्यादा दिखने लगी तो निकालने का प्रयास किया। इस पर उन्होंने ज्यादा पैसे जमा करने के लिए बोला और निकासी की अनुमति नहीं दी। जिसके बाद उन्होंने ग्रुप से बाहर कर दिया।

# फर्जी पत्रकार बनकर रंगदारी वसूलने वाले दो गिरफ्तार
## हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपी पकड़े गए, फर्जी प्रेस कार्ड और तमंचा बरामद



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बदरखा पुल के पास से दो फर्जी पत्रकारों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्रकारिता की आड़ में रंगदारी और ब्लैकमेलिंग करते थे। शनिवार की शाम पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है।

एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में शामली के गांव चूनसा निवासी अंकित और हापुड़ के गांव अटूटा निवासी गुलफाम सैफी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न न्यूज चैनलों की माइक आईडी और फर्जी प्रेस कार्ड बरामद किए हैं।

इनके पास से विजिटिंग कार्ड, पैन कार्ड और एक अवैध तमंचा व कारतूस भी मिला है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी अंकित एक हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ और हापुड़ में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, लूट और गैंगस्टर एक्ट के मामले शामिल हैं। वह खुद को पत्रकार बताकर लोगों से पैसे वसूलता था।

### अन्य सदस्यों की तलाश जारी

दूसरा आरोपी गुलफाम सैफी अंकित का साथी था। दोनों मिलकर लोगों को धमकाते और पैसे वसूलते थे। पुलिस जांच में पता चला है कि यह गिरोह पिछले एक साल से सक्रिय था। साइबर सेल अब इस गिरोह के डिजिटल नेटवर्क और अन्य संभावित साथियों की जांच कर रही है। पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी है। ताकि आगे कोई निर्दोष व्यक्ति इनकी ठगी का शिकार न बने।

# न्यू नोएडा की तय होंगी मुआवजा दरें
## 1 हजार करोड़ किया गया रिजर्व, 80 गांव हैं शामिल; चार फेज में होगा काम



**नोएडा करंट क्राइम।** न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण करने की नीति पर काम किया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया तभी शुरू होगी जब मुआवजा दर तय हो जाएगी।

जनपद बुलंदशहर के डीएम से लगातार संपर्क किया जा रहा है। सर्किल रेट के अनुसार जल्द ही मुआवजा की दर तय कर दी जाएंगी। इसके विकास के लिए चिह्नित गांवों में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहे। वहीं, इन गांवों की जमीनों को आबादी में दर्ज कराने का भी खेल जारी है।

### संयुक्त बैठक में तय होगी मुआवजा दर

मुआवजे की दर दोनों जिलों के प्राधिकरण और प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में तय होनी है। इसके लिए लंबे समय से किसानों से वार्ता भी चल रही है, लेकिन अब तक मुआवजा दर घोषित नहीं हो सकी है।

मुआवजे को लेकर क्या दरें रखी जाएं, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण की समिति अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड से जो दरें तय होंगी उस हिसाब से ही किसानों से जमीन ली जाएगी।

### अधिग्रहण के लिए 1 हजार करोड़ का बजट

औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन ने जनवरी 2021 में दादरी-नोएडा गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र की घोषणा की थी। न्यू नोएडा के विकास के लिए अक्टूबर 2024 में शासन ने अधिसूचना जारी की और इसके विकास का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण को सौंपा था। प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण के लिए एक हजार करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर चुका है, लेकिन अब तक अधिग्रहण शुरू नहीं हो सका। नए नोएडा में गौतमबुद्ध नगर के अलावा, बुलंदशहर के मिलाकर 80 गांव शामिल है।

### चार फेज में होना है काम

DNGIR 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

### आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

# बस कंडक्टर को 7 करोड़ का आयकर नोटिस
## धौलाना के निजी अस्पताल से जुड़े जीएसटी ट्रांजैक्शन में नाम, अधिकारी बोले- जांच होगी



**धौलाना करंट क्राइम।** हापुड़ के पिलखुवा में रहने वाले एक बस कंडक्टर को आयकर विभाग ने 7 करोड़ रुपए से अधिक की संदिग्ध आय का नोटिस भेजा है। मोहल्ला राणा पट्टी निवासी सुभाष एक निजी बस में कंडक्टर हैं और 40 गज के मकान में रहते हैं।

आयकर विभाग ने यह नोटिस वर्ष 2020-21 के लिए धौलाना स्थित एक निजी अस्पताल से जुड़े जीएसटी ट्रांजैक्शन के आधार पर जारी किया है। विभाग के रिकॉर्ड में जीएसटीआर-1 में 3.27 करोड़ और जीएसटीआर-3बी में 3.75 करोड़ रुपए के ट्रांजैक्शन सुभाष के नाम पर दर्ज हैं। आयकर अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने 9 फरवरी को नोटिस जारी कर 19 फरवरी तक जवाब मांगा है। सुभाष का कहना है कि वह एक सामान्य व्यक्ति हैं।

उनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वह इतने बड़े लेन-देन कर सकें। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके आधार कार्ड या पैन कार्ड का किसी ने दुरुपयोग किया होगा। आयकर अधिनियम के तहत अघोषित आय पर 30 प्रतिशत से अधिक कर और 60 प्रतिशत तक जुमार्ना लगाया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार हाल के वर्षों में ऐसे मामले बढ़े हैं। इनमें सामान्य नागरिकों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी कंपनियों के नाम पर बड़े लेन-देन किए जाते हैं। आयकर अधिकारी ने कहा है कि सोमवार को कार्यालय खुलने के बाद ही मामले की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# ग्राम प्रधान समेत तीन पर दुष्कर्म का आरोप: पीड़िता ने पुलिस पर लगाए निष्क्रिएता का आरोप, परिजनों ने कोतवाली में किया प्रदर्शन



**धौलाना करंट क्राइम।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने ग्राम प्रधान और दो अन्य ग्रामीणों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि पिछले माह आरोपियों ने उसका अपहरण कर दुष्कर्म किया। शनिवार को पीड़िता और उसके परिजन कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पीड़िता ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होगी। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस कर्मियों ने समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया। इस मामले में सीओ अनीता चौहान ने बताया कि जांच चल रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।




# अब साहब के ऑफिस का बदलेगा लुक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस ऑफिस के अलग-अलग कार्यालयों का लुक और स्टाइल बदला जा रहा है। तो बीते कई दिनों से बड़े साहब के ऑफिस में भी नया लुक देने का काम शुरू हो गया है। जानकारी मिली है कि नया लुक देने का काम बहुत तेज गति से चल रहा है। साहब का मुख्य ऑफिस पहले से ज्यादा और बेहतर नजर आएगा ऐसा बताया जा रहा है। वहीं बीते कई दिनों से काम चल रहा है, जिसकी वजह से साहब आजकल नए वाले मीटिंग हॉल में ऊपर ही बैठ रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जहां नया वॉलपेपर नजर आएगा, तो लाइटिंग भी पहले से बेहतर की जाएगी। वहीं अब साहब अपने कार्यालय में बैठे-बैठे बाहर का नजारा भी देख पाएंगे, उसके लिए बाकायदा शीशे वाली वॉल भी बनाई जा रही है। इसके साथ ही यहां के फर्नीचर पर भी कुछ और काम किया जा सकता है। जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों तमाम तरीके के कार्यालयों को रिनोवेट और सुधारीकरण का काम चल रहा है। तो वहीं अब साहब का ऑफिस भी नए लुक में नजर आने वाला है। इसके साथ जानकारी मिली है कि



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी का ऑफिस भी इन दिनों तेज गति से बन रहा है। तो वहीं शिकायत प्रकोष्ठ वाला कार्यालय और जनसुनवाई के लिए आने वाले लोगों के लिए वेटिंग रूम बनाने का काम भी पूरी गति से चल रहा है। इसके साथ ही पुलिस ऑफिस की मुख्य दीवार को काले पत्थरों से सजाया जा रहा है। तो वहीं गार्डन को भी अलग ही प्रदान किया जाएगा। जो इस ऑफिस को पहले से ज्यादा हाईटेक और सुंदर बनाएगा। वही सुनने में यह जानकारी मिली है कि पुलिस ऑफिस की जो बिल्डिंग का भी काम चल रहा है, उसमें लाइटिंग और कई अन्य उपकरण लगाए जाएंगे। जो दूर से इस कार्यालय की शोभा को बढ़ाने का काम करेंगे और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दोनों ही मुख्य द्वार पर पुलिस के लोगो और कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दर्शायी जाएगी। बता दें कि जब से पुलिस कमिश्नरेट में नए साहब आए हैं, तब से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई तरीके के काम कराएं जा रहे हैं। तो बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस ऑफिस में कैफेटेरिया और नया मीटिंग हॉल बेहद शानदार अंदाज में बनाया गया है।

## हापुड़ जिला अस्पताल में नौकरी के नाम पर फजीर्वाड़ा: फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर पहुंचा वार्ड ब्वॉय

हापुड़ करंट क्राइम। हापुड़ जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक चौंकाने वाला फजीर्वाड़ा सामने आया है। जिसमें एक युवक फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर वार्ड ब्वॉय की नौकरी जॉइन करने पहुंचा। लेकिन फार्मासिस्ट की सतर्कता ने उसकी चालाकी पर पानी फेर दिया। पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के दस्तोई रोड स्थित जिला अस्पताल का है। गुरुवार को बबलू सिंह नामक युवक खुद को वार्ड ब्वॉय नियुक्त बताते हुए नौकरी पर रिपोर्टिंग करने पहुंचा। उसके पास एक नियुक्ति पत्र था। जो देखने में एकदम असली लग रहा था। लेकिन जब फार्मासिस्ट ज्ञानप्रकाश गौतम की नजर पत्र पर पड़ी, तो उन्हें उस पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के हस्ताक्षर संदिग्ध लगे। ज्ञानप्रकाश ने तत्काल जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश कुमार को मामले की जानकारी दी। सतीश ने व्हाट्सएप पर पत्र मंगवाकर जांच कराई, जिसमें पता चला कि यह पत्र कभी सीएमओ कार्यालय से जारी ही नहीं हुआ था। उस पर मौजूद हस्ताक्षर भी फर्जी थे। इसके बाद सीएमओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे दस्तावेजों की गहन जांच की। जिसमें फजीर्वाड़ा की पुष्टि हो गई। जब बबलू सिंह से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने कबूल कर लिया कि शिवम कुमार नामक युवक ने उसे यह फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था।

# नोएडा कारोबारी की हत्या में दोनों आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार
## आरोपियों के पास देसी विदेशी मिलाकर 10.30 लाख बरामद



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने मनी एक्सचेंज कारोबारी हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इनकी नाम आकाश उपाध्याय और मुकुल शर्मा है। इन दोनों ने नोएडा के सेक्टर-12 के डब्ल्यू-12 में कारोबारी ओमपाल सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। इनके पास से 32 बोर की पिस्टल और तमंचा, 4 लाख रुपए, विदेशी कनाडाई करेंसी 9,900 व 30 दिरहम यूनाइटिड अरब। कुल मिलाकर 10 लाख 30 हजार रुपए बरामद किए गए। पूछताछ में बताया गया कि हम दोनों ठगी करने के लिए पहले ऐसे फॉरेन करेंसी एक्सचेंज करने वाले दुकानदारों ढूंढते है जो आसानी से भारतीय रुपयों के बदले फॉरेन करेंसी देने पर राजी हो जाते थे। फिर ये लोग ऐसे मकान को ढूंढते थे। जहां TO-LET का बोर्ड लगा रहता था। वहां जाकर मकान मालिक से बात करके मकान किराये पर लेने की बात करके कुछ रुपए टोकन के रूप में देते है। फिर उसी मकान को फॉरेन करेंसी एक्सचेंज करने वाले दुकानदार को अपना मकान बताते है। उसी किराये के मकान पर उसको बुला लेते थे। दुकानदार को यकीन दिलाने के लिये ये दोनों अपने पास भारतीय रुपए रखते थे। जिसे दिखाकर वो दुकानदार का यकीन जीतते है। इसके बदले में उनको फॉरेन करेंसी चाहिए। दुकानदार द्वारा फॉरेन करेंसी लेकर मकान के अन्दर आते ही यह लोग असलहे के बल पर उनसे फॉरेन करेंसी व दुकानदार के पास से भारतीय रुपए लेकर भाग जाते थे। रैकी करने व काम को अंजाम देने के लिए ये लोग चोरी की स्कूटी का प्रयोग करते है। दोनों ने फोन करके ओमपाल भाटी को कनेडियन करेंसी के साथ डब्ल्यूए-12 बुलाया। ओमपाल भाटी के मकान पर आते ही उसे केश भारतीय रुपए दिखाए। फरेन करेंसी देने की पेशकश की। ओमपाल भाटी के फॉरेन करेंसी दिखाते ही दोनों ने ओमपाल भाटी से असलहे के बल पर रुपयों की छीना छपटी की। ओमपाल भाटी को अपने ऊपर भारी पड़ता देख इन्होंने फायर कर दिया। मौके पर अपनी स्कूटी छोड़कर पैदल ही भाग निकले। इन दोनों को पकड़ने के लिए 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

### आरोपी के पिता है हैंडलर, हत्या के बाद किया गाइड

पूछताछ में यह भी बताया गया कि इन घटनाओं में मुकुल शर्मा के पिता अजय कुमार शर्मा उर्फ अजय कुमार अग्रवाल उर्फ अज्जू भी सम्मिलित रहते थे। यही इस तरह की घटना के मास्टर माइंड है। इस घटना के बाद इनके द्वारा पिता अजय शर्मा को फोन करके बताया गया कि हमेशा की तरह इस बार जहां घटना को अंजाम देने गये थे, वहीं एक बड़ी घटना हो गयी और पैसों की छीना झपटी में सामने वाले की गोली लगने से हत्या हो गयी। अजय कुमार शर्मा ने इन दोनों को गाइड किया गया कि तुम लोग अपने दोस्त आर्यन के दिल्ली वाले फ्लैट पर चले जाओ। फिर वहां से किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाना। दिल्ली फ्लैट पर पहुंचने पर हमारे द्वारा आर्यन को खर्चे के लिये ठगी के माल में से से 10 हजार रुपए भी दिये गये थे।

## मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-23 पुलिस सेक्टर 54 नोएडा में एलिवेटेड के नीचे पिलर नंबर पी-94 के पास फेस-3 की तरफ जाने वाले रोड पर चेकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। गाड़ी मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछाकर रोकने का प्रयास किया। पुलिस के ऊपर जान से मारने की नीयत से फॉयर किया गया। आत्मरक्षा में फायर किया गया। जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गये।





### मांगे 7 लाख रुपए की कनेडियन करेंसी

आरोपी मुकुल शर्मा निवासी गाजियाबाद व आकाश उपाध्याय निवासी नोएडा ने बताया कि चोरी की स्कूटी पर दोनों ने मृतक ओमपाल भाटी की दुकान सेक्टर 18 साई फोरेक्स ओशन प्लाजा की रैकी की। फिर मृतक ओमपाल भाटी से मोबाइल से संपर्क किया। उसको बताया कि हमें लगभग 7 लाख भारतीय रुपए के बराबर कनेडियन करेंसी की आवश्यकता है। मृतक ओमपाल भाटी को यकीन दिलाने के लिये आकाश उपाध्याय ने लगभग 03 लाख भारतीय रुपये बैंक से अपने अकाउंट से निकालकर अपने पास रखे थे।

# ईरानी मिसाइलों को रोकने में इस्राइल की मदद कर रहा अमेरिका, मिडिल ईस्ट में बढ़ाई सैन्य तैनाती





**मध्य पूर्व में ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने के बाद शुक्रवार को ईरान ने इस्राइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया**

**वॉशिंगटन ।** बढ़ते हमले को देख अब अमेरिका इस्राइल की मदद करने के लिए सामने आया है। इसके तहत अमेरिका ने ईरान के मिसाइल हमले को रोकने में इस्राइल की मदद की है।

मामले में एक अमेरिकी अधिकारी के ने बताया कि अमेरिका ने अपनी एयर डिफेंस सिस्टम्स और नौसैनिक संसाधनों की मदद से इस्राइल की मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका की पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम और थाड सिस्टम तैनात हैं, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में सक्षम हैं।

नौसेना की भी रही अहम भूमिका

वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों ने भी इस दौरान मदद की, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जहाजों ने मिसाइलें दागीं या सिर्फ टारगेट ट्रैकिंग में सहयोग दिया।

ईरान के हमले के खिलाफ और उसे रोकने के लिए अमेरिका ने कई अहम कदम उठाए है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन अमेरिका के अपने युद्धपोत यूएसएस थॉमस हडनर को पश्चिमी भूमध्य सागर से पूर्वी हिस्से की ओर भेजा है, ताकि वह जरूरत पड़ने पर तुरंत मदद कर सके। साथ ही एक अन्य विध्वंसक जहाज को भी तैयार रखा गया है। इतना ही नहीं अमेरिका के लड़ाकू विमान इस समय क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं और एयरबेस पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

अमेरिका ने मिडिल इस्ट में बढ़ाई सैन्य बैठक बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने मिडिल इस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। देखा जाए तो अभी मध्य पूर्व में करीब 40000 अम तैनात हैं, जो सामान्य संख्या 30,000 से कहीं अधिक है। पिछले साल अक्तूबर में यह संख्या 43,000 तक पहुंच गई थी, जब ईरान और इस्राइल के बीच तनाव और यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा हमले तेज हो गए थे। **ईरान-इस्राइल की तकरार में 78 लोगों की मौत, 320 घायल** : वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। इसके तहत ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत अमीर सईद इरवानी ने शुक्रवार को कहा कि इस्राइल के हमलों में 78 लोग मारे गए।

# बाली में पर्यटक विला में फायरिंग, एक आस्ट्रेलियाई युवक की मौत




**बाली ।** इंडोनेशिया के पर्यटक द्वीप में एक विला में फायरिंग हुई है। इसमें एक आस्ट्रेलियाई युवक की गोली लगने से मौत हो गई। हमले में एक अन्य आस्ट्रेलियाई व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय पुलिस प्रमुख आरिफ बटुबारा ने कहा कि जांच चल रही है और पुलिस संभावित गवाहों की तलाश कर रही है। बटुबारा ने बताया कि दोनों पीड़ितों को बाली की प्रांतीय राजधानी डेनपसार के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को अभी तक गोलीबारी के पीछे का मकसद पता नहीं चल पाया है।

# कार्लो के रूप में ईसाइयों को मिलेगा पहला मिलेनियल संत, पोप देंगे उपाधि



**रोम ।** इतावली मूल के कार्लो एक्यूटिस को पोप लियो सात सितंबर को संत की उपाधि प्रदान करेंगे। वह संत बनने वाले पहले मिलेनियल होंगे। 21 अप्रैल 2025 को पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद इसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था। शुक्रवार को पोप लियो 14वें ने घोषणा की कि कार्लो एक्यूटिस को 7 सितंबर को संत घोषित किया जाएगा।

बता दें कि कार्लो एक्यूटिस को गॉड इंफ्लूएंसर कहा जाता है। वह संत की उपाधि पाने वाले पहले मिलेनियल (1981-1996 के बीच जन्में) होंगे। 3 मई 2006 को लंदन में जन्में कार्लो की 15 साल की उम्र में ल्यूकीमिया से मौत हो गई थी। मृत्यु के दो दशक बाद उन्हें संत की उपाधि दी जाएगी। रोमन कैथोलिक चर्च में किसी भी उम्र के शख्स को संत की उपाधि दी जाती है, हालांकि ये दर्जा उनके निधन के बाद ही दिया जाता है। कार्लो बचपन से ही दूसरे बच्चों से अधिक धार्मिक थे। उन्होंने काफी कम उम्र में ही कोडिंग सीख ली थी और एक वेबसाइट बनाकर कैथोलिक सोसायटी में हो रहे चमत्कारों को एकसाथ लिस्ट किया था और चर्च की शिक्षाओं को फैलाया था।

द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्लो ने चमत्कारिक ढंग से 2 लोगों की जानें बचाई थीं। पहला मामला कोस्टा रिका की लिलियाना नाम की एक महिला से जुड़ा है। उनकी बेटी को साइकिल से गिरकर गंभीर चोट लग गई थी।

# ट्रंप के खिलाफ आज नो किंग कार्यक्रम, लॉस एंजिलिस में मरीन तैनात, देशभर में प्रदर्शन की तैयारी तेज



**अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) छापों को लेकर एक हफ्ते से चल रहे विरोध के बीच करीब 200 अमेरिकी मरीन सैनिकों को लॉस एंजिलिस में एक फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा में तैनात किया गया**

**लॉस एंजिलिस ।** कारण है कि शनिवार को अमेरिका भर में ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स' (कोई राजा नहीं) नाम से एक बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर इसी दिन वॉशिंगटन डीसी में एक सैन्य परेड भी होगी, जिसमें सैनिक मार्च करेंगे और टैंक सड़कों पर दिखाई देंगे।

## आज नो किंग्स नामक विरोध से गूंजेगा अमेरिका

शनिवार को कार्यकताओं ने वाशिंगटन, डीसी में ट्रंप की योजनाबद्ध सैन्य परेड के साथ मेल खाने के लिए पूरे देश में नो किंग्स कार्यक्रमों की योजना बनाई हैं। शनिवार के प्रदर्शनों से देशभर में तनाव भड़कने की आशंका को देखते हुए नेशनल गार्ड को सचेत रहने के निर्देश दिए गए हैं।

फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए तैनात मरीन जवानों को नेशनल गार्ड के कुछ जवानों की जगह तैनात किया गया है, ताकि नेशनल गार्ड अब छापों के दौरान पुलिस की सुरक्षा कर सकें। मरीन पूरी तरह से हथियारों, संचार उपकरणों और सुरक्षा गियर के साथ आए हैं, और शुक्रवार से तैनाती शुरू कर दी गई है।

क्यों की गई मरीन सैनिकों की तैनाती बता दें कि मरीन की तैनाती उस फैसले के बाद हुई है, जिसमें 9वें यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने एक फेडरल जज के आदेश को रोक दिया था। उस आदेश में कहा गया था कि ट्रंप को कैलिफोर्निया को नेशनल गार्ड की कमान लौटानी चाहिए क्योंकि गार्ड की तैनाती गैरकानूनी थी और ट्रंप के अधिकारों से बाहर थी। जज ने मरीन की तैनाती पर कोई फैसला नहीं दिया है।

कैलिफोर्निया बनाम ट्रंप प्रशासन इन दिनों कैलिफोर्नियां और ट्रंप प्रशासन के बीच तकरार भी तेज होता हुआ दिख रहा है। जहां बीते दिनों कैलिफोर्नियां के गवर्नर गैविन न्यूसम ने सैनिकों की तैनाती को राज्य की संप्रभुता पर हमला बताया है और कोर्ट का रुख किया है। ट्रंप ने संविधान की उस धारा का हवाला दिया है, जो विद्रोह या विद्रोह की आशंका होने पर सैन्य बल लगाने की इजाजत देती है। हालांकि, एक फेडरल जज ने कहा कि लॉस एंजिलिस की स्थिति विद्रोह जैसी नहीं है और आदेश दिया कि नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस मिले। लेकिन नाइंथ सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने इस आदेश पर रोक लगा दी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसका स्वागत किया और कहा, ह्लअगर मैंने सेना नहीं भेजी होती, तो लॉस एंजिलिस जल रहा होता।

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक, भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**वॉशिंगटन ।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है। वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमेरिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया।

गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।

अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डॉ. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डॉ. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं।

हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डॉ. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति।

# यूक्रेन को वापस मिले 1,200 सैनिकों के शव इस्तांबुल शांति वार्ता के बाद बड़ा आदान-प्रदान



**कीव ।** रूस और यूक्रेन के बीच लगभग तीन साल से चल रहे संघर्ष के बाद इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता के बाद यूक्रेन को अपने 1200 सैनिकों के शव वापस मिले हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यूक्रेन के कैदियों के मामलों के समन्वय मुख्यालय ने बताया कि यह शव रूसी पक्ष ने सौंपे हैं, जिनमें अधिकतर यूक्रेनी सैनिकों के हैं। शवों की वापसी यूक्रेन की सेना, सुरक्षा सेवा, गृह मंत्रालय और अन्य सरकारी एजेंसियों की मदद से हुई। जिसके बाद अब फॉरेंसिक विशेषज्ञ इन शवों की पहचान करेंगे।

बता दें कि यह अब तक का सबसे बड़ा शवों का आदान-प्रदान माना जा रहा है, जो रूस के यूक्रेन पर फरवरी 2022 में किए गए हमले के बाद हुआ है। जहां इसी हफ्ते की शुरूआत में भी रूस ने यूक्रेन को 1,212 शव सौंपे थे, जबकि बदले में रूस को 27 शव मिले।

इस्तांबुल में दो जून को हुई वार्ता का यह सबसे ठोस नतीजा रहा, जिसमें युद्धबंदियों और मारे गए सैनिकों के शवों की अदला-बदली पर सहमति बनी थी। जहां गुरुवार को रूस और यूक्रेन के बीच गंभीर रूप से घायल युद्धबंदियों की अदला-बदली भी हुई, लेकिन दोनों पक्षों ने संख्या नहीं बताई। हालांकि शांति वार्ता में युद्धविराम को लेकर कुछ शर्तों पर भी सहमति की कोशिश हुई, लेकिन कुछ विवादास्पद बिंदुओं के कारण जल्द समझौता होने की संभावना कम दिख रही है।

## इस हफ्ते भी जारी रहा संघर्ष

इसी बीच, रूस ने हाल के दिनों में यूक्रेन पर भारी हमले किए हैं। जहां बीते सोमवार को रूस ने 500 ड्रोन से हमला किया, जबकि मंगलवार रात 315 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायु सेना ने शुक्रवार को बताया कि रूस ने गुरुवार रात को 55 शहीद ड्रोन और 4 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इनमें से 43 ड्रोन को मार गिराया गया।

# ईरान को 60 दिन का अल्टीमेटम दिया, अब भी समय है, परमाणु समझौते को लेकर ट्रंप ने दी धमकी




**वॉशिंगटन ।** ईरान पर इस्राइल के व्यापक हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु समझौते को लेकर ईरान पर फिर दबाव बनाने की कोशिश की। उन्होंने इस्राइली हमले के लिए खुद ईरान को ही जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप ने कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए वार्ता में अमेरिकी चेतावनी का विरोध करने का खामियाजा भुगता है। इस्राइल की कार्रवाई को बहुत बढिया करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हमने ईरान के नेताओं को बहुत समझाया लेकिन वे नहीं माने।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स को दिए एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्होंने शुरू में इस्राइली हमले को टालने की कोशिश की थी। जिससे कि ईरान को कूटनीति और वार्ता के लिए पर्याप्त समय मिल सके। हालांकि उन्होंने धमकी भरे अंदाज में यह भी कहा कि उन्होंने तेहरान को 60 दिन का अल्टीमेटम दिया था और आज 61वां दिन था। आगे ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ परमाणु वार्ता को आगे बढ़ाने की अभी भी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन रविवार को ओमान में होने वाली वार्ता के लिए योजना के अनुसार आगे बढ़ेगा, लेकिन इस्राइल के बड़े हमले के बाद उन्हें संदेह है कि ईरान इसमें भाग लेगा। गौरतलब है कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ 15 जून को ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलने वाले हैं।

ईरान पर इस्राइल के हमले के बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा, मुझे लगता है कि यह बहुत बढ़िया रहा। हमने उन्हें एक मौका दिया और उन्होंने इसका फायदा नहीं उठाया। उन्हें भी उतनी ही मार पड़ी जितनी आपको पड़ने वाली है। और अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। और भी बहुत कुछ। अभी भी उनके पास शायद दूसरा मौका है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले ही बहुत मौतें और विनाश हो चुका है, लेकिन इस नरसंहार को समाप्त करने के लिए अभी भी समय है, साथ ही पहले से ही योजनाबद्ध अगले हमले और भी अधिक क्रूर होंगे। ईरान को एक समझौता करना चाहिए, इससे पहले कि कुछ भी न बचे।

# इस्राइली हमलों में ईरानी सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद नई तैनाती, जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर



**इस्राइली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इस्राइल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है**

**तेहरान ।** खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया है।

## ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं आमिर हातमी

मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इस्राइली हमले में पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ ऑफ द आर्म्ड फोर्सेज (उरअत्र) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ ऑफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। आईआरजीसी के कमांडर इन चीफ बने मोहम्मद पाकपुर इस्राइली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को क्रक्रञ्ज का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है।

## पीबीयूएच के कमांडर बने अली शादमानी

अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है।

हमले में इन अफसरों की मौत इस्राइल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे।

# राजनगर मंडल में 'विकसित भारत 2047 संकल्प सभा' आयोजित

## सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मंडलवार संकल्प कार्यक्रमों की शृंखला में विशेष आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ₹विकसित भारत 2047₹ के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गाजियाबाद महानगर के सभी मंडलों में संकल्प सभाओं का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजनगर मंडल में एक भव्य एवं प्रेरणादायक संकल्प सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनगर मंडल अध्यक्ष श्री नीरज त्यागी ने की। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल एवं मुरादनगर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री अजीत पाल त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायक संबोधन में कहाः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में सुशासन, सेवा और सुशक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अब हमारा अगला लक्ष्य है झ 'विकसित भारत 2047'। यह तभी संभव है जब हम सभी नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री अजीत पाल त्यागी ने कहाः 2047 में जब देश स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब भारत को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा देखना ही प्रधानमंत्री का सपना है। इसके लिए हमें भ्रष्टाचार, भेदभाव, अव्यवस्था और नकारात्मक मानसिकता को छोड़ते हुए एकजुट होकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष श्री अमर दत्त शर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहाः यह संकल्प सभा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य की ठोस नींव है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर एक नया आत्मविश्वास अर्जित किया है और 'विकसित भारत 2047' का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक कार्यकर्ता इस मिशन को अपना व्यक्तिगत उत्तरदायित्व माने।

सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों के समक्ष विकसित भारत 2047 संकल्प पत्र को विधायक अजीत पाल त्यागी ने पढ़ा अन्य सभी ने उसका सामूहिक वाचन किया एवं हस्ताक्षर करके अपनी सहभागिता और प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व महानगर उपाध्यक्ष डी.एन. सिंह, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, युवा नेता रॉबिन तोमर, सहकारिता क्रय विक्रय समिति चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत, युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रॉबिन तोमर, युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी एवं विनीत शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाल कर विमान हादसे में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि

## हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के निर्देश पर जिला कार्यालय में कार्यकताओं ने पहले दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। लखनउ में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के कारण जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। दो मिनट का मौन धारण करने के बाद कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से पुराने बस अड्डा स्थित संतोष हॉस्पिटल तक कैंडल मार्च निकाला। मार्च में बडी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

संतोष हॉस्पिटल चौराहे पर कार्यकताओं ने प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। साथ ही मृतकों के परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दे ईश्वर से प्रार्थना करी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अश्वनी त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अहमदाबाद में विमान हादसे में मारे गए लोगों के साथ खडी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने शनिवार को अहमदाबाद में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई है। उन्होंने कहा कि इस हादसे की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी राजाराम भारती, पूर्व मेयर प्रत्याशी लालमन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अश्वनी त्यागी, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी गिरीश शर्मा, पार्षद सुमन लता पाल, एसटीएसटी की महासचिव सविता गौतम, राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी, सुरेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह, महेंद्र कुमार, फहीम खान, सेवादल यंग बिग्रेड महानगर अध्यक्ष भारत गुप्ता, पवन शर्मा, हुमायूं मिर्जा, सुनील भारती विनोद शर्मा भूपेंद्र कुमार सुनील कर्दम हाजी खुर्शीद श्रीचंद दिवाकर रियाज अहमद यंग ब्रेड से सेवादल के जिला अध्यक्ष दानिश सैफी सेवादल कादिर मलिक सहित सेकंडों कांग्रेसी थे।

# मधुबन बापू धाम में एसटीपी परिसर की जमीन पर विकसित होगा जंगल

- मियांवकी पद्धति के आधार पर लगाए जाएंगे घने छायादार पेड़-पौधे
- घने जंगल को विकसित करने पर आने वाला खर्च वहन करेगी निजी संस्था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में एक नई टाउनशिप हरनंदीपुरम को धरातल पर साकार करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बीच अब एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की बढती समस्या को देखते हुए एक नया कदम उठाने की तैयारी आरंभ की गई है। इस नई तैयारी के बीच प्राधिकरण मधुबन बापूधाम में स्थित एसटीपी परिसर की करीब 2700 वर्ग मीटर जमीन पर मियावकी पद्धति के आधार पर पेड पौधे लगाते हुए उसे घने जंगल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जीडीए के उद्यान विभाग के द्वारा एसटीपी परिसर की जमीन को समतल आदि करने का काम आरंभ कर दिया गया है। खासतौर से पीपल, नीम, सहजन, लाल कनेर आदि के छायादार पौधे लगाए जाएंगे। पूरी परियोजना में सबसे महत्वपूर्ण पहलू ये है कि कांवड़ यात्रा के दौरान एसटीपी परिसर की इस जमीन को निगम के द्वारा डंपिंग यार्ड के रूप में तब्दील कर दिया गया था। माननीय एनजीटी के आदेश पर निगम के द्वारा तमाम कचरे को हटा दिया गया है। मियावकी पद्धति के आधार पर घने छायादार पौधे लगने के बाद एरिया के लोगों को हरा भरा वातावरण प्राप्त होगा। पूरे प्रोजक्ट में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि मियावकी पद्धति के आधार पर जो पेड़ पौधे आदि लगाने पर लगभग 27 लाख का खर्च आएगा, वह जीडीए वहन नहीं करेगा, बल्कि सीएसआर फंड से निजी संस्था के द्वारा वहन किया जाएगा साथ ही अगले दो साल तक इसका रखरखाव भी निजी संस्था के द्वारा किया जाएगा।

# 773 पुलिस भर्ती के चयनित अभ्यर्थी लखनऊ रवाना

## 17 बसों में भेजे गए उम्मीदवार, एसपी ने दिए ईमानदारी से काम करने के निर्देश

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ से आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित 773 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए लखनऊ भेजा गया। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की नई मंडी परिसर में पुलिस अधीक्षक ने चयनित अभ्यर्थियों और उन्हें ले जाने वाले पुलिस बल को संबोधित किया।



### एसपी ने दिए दिशा निर्देश

चयनित अभ्यर्थियों को 17 बसों से लखनऊ भेजा गया। जिन्हें एसपी ने हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया। एसपी ने बताया कि विभाग ने बसों के संचालन, अभ्यर्थियों की सूची, आवश्यक दस्तावेज, खानपान और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी की थी। नई मंडी परिसर में अभ्यर्थियों के परिजन भी मौजूद थे। पुलिस विभाग ने इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संचालित किया।

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। एसपी ने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण के बाद सभी चयनित अभ्यर्थी एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी के रूप में प्रदेश की सेवा करेंगे। एसपी केजी सिंह ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अवसर युवा अभ्यर्थियों के जीवन का नया अध्याय है। अभ्यर्थियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ काम करने की प्रेरणा दी गई। उधर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# बरसाती नाले की सफाई को लेकर स्थानीय लोगों ने लगाया पक्षपात का आरोप



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम गाज़ियाबाद द्वारा एनजीटी कोर्ट के आदेशानुसार मानसून पूर्व किए जा रहे सफाई कार्यों के अंतर्गत सेक्टर 16, वसुंधरा में चल रहे मुख्य बरसाती नाले की सफाई अभियान को लेकर अब स्थानीय नागरिकों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है। सफाई कार्य को लेकर अनेक अनियमितताओं, पक्षपात और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय निवासी अमित किशोर का कहना है कि सफाई अभियान के दौरान निगम कर्मचारियों द्वारा चयनात्मक कार्रवाई की गई। कुछ स्थानों पर जहाँ आम नागरिकों ने रैम्प या स्लैब बनाए थे, वहाँ बिना किसी रियायत के तोड़फोड़ कर सफाई की गई, जबकि जिन लोगों के नाले पर स्थायी निर्माण, कच्ची दुकानें या अतिक्रमण थे और जो प्रभावशाली माने जाते हैं, वहाँ या तो सफाई अधूरी छोड़ी गई या रैम्प हटाए ही नहीं गए। आरोप यह है कि कई लोगों ने बताया कि कुछ निगम कर्मियों ने अतिक्रमण न हटाने और नाले की सफाई न करने के एवज में उनसे पैसे मांगे। आने वाले समय में भारी बारिश या मानसून के दौरान जलभराव की पुनरावृत्ति की आशंका को भी बल देती है। जिस उद्देश्य से यह सफाई की जा रही थी। जलनिकासी को सुचारू बनाना, वह इस प्रकार की भेदभावपूर्ण कार्यप्रणाली के कारण प्रभावित हो सकता है।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में 'शिक्षाविद् सम्मान समारोह एवं संवाद' आयोजित

## 'एकआई युग में फ्यूचर स्किल्स और रोजगार की संभावनाएं' विषय की गई चर्चा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इफोज फाउंडेशन एवं लाइफलॉन्ग लर्निंग पाथवेज के संयुक्त तत्वावधान में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में 'शिक्षाविद् सम्मान समारोह एवं संवाद' का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए 80 से अधिक करियर काउंसलर्स व शिक्षाविदों को शिक्षा एवं छात्र मार्गदर्शन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु 'शिक्षाविद् सम्मान' से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में 'एकआई के युग में फ्यूचर स्किल्स और रोजगार की संभावनाएं' विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसका ईफोज फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. आकांक्षा जैन ने किया। पैनल में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा (कुलपति, एचआरआईटी), रिजवान अहसन (एआई सलाहकार), डॉ. भुवनेश्वर प्रसाद शर्मा (लाइफलॉन्ग लर्निंग पाथवेज) और डॉ. आंखित शर्मा (एम्प्लॉयमेंट एक्सप्रेस) उपस्थित रहे।

एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल ने एआई आधारित स्किलिंग को समय की माँग बताया और कहा कि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और इंडस्ट्री एक्सपोजर की आवश्यकता है। प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल ने बताया कि एचआरआईटी अब अपने सभी पाठ्यक्रमों में एआई और टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण को एकीकृत कर रहा है। कुलपति डॉ. डी. के. शर्मा ने छात्रों से आग्रह किया कि वे एआई युग की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें।

कुलसचिव डॉ. विनोद यादव, प्रशासनिक टीम से योगेश सक्सेना व शबनम जैदी तथा इफोज टीम से अनुप कुमार, प्रफुल्ल कुमार एवं अमित चौधरी की उपस्थिति व सहयोग सराहनीय रहा।

इफोज के सह-संस्थापक सचिन जैन ने सभी शिक्षकों, पैनल वक्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की दिशा में एक साझा संवाद है।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा अहमदाबाद में विमान हादसा के बाद से ही देश में शोक का माहौल है। हर कोई शख्स हादसे से गहरे सदमे में है, इसी कड़ी में मारे गए लोगों के लिए जीटी रोड स्थित स्वरूप पार्क में रामदुलार यादव द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के लोगों ने मृतकों की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मोमबत्ती जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया और आखिर में 2 मिनट का मौन भी रखा। रामदुलार यादव ने कहा कि अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना एक दर्दनाक हादसा था, जिसमें सैकड़ो लोगों की जान चली गई। यह हादसा बेहद दुखद है और मृतक लोगों के आत्मा की शांति के लिए इस तरह का शोक सभा देश के अलग-अलग हिस्सों में किया जा रहा है। उन्होंने ने केन्द्र सरकार से मांग की गयी कि उच्च स्तरीय जाँच, पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाय, जिससे इस दुर्भाग्य पूर्ण अति संवेदनशील हादसे से लोग उबर सके। इस अवसर राम दुलार यादव, इंजी धीरेन्द्र यादव, राजेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश अरोड़ा, डा0 देवकर्ण चौहान, ब्रह्म प्रकाश, सम्राट सिंह, हुकुम सिंह, यासीन, फूलचंद वर्मा, विजय भाटी एडवोकेट, मुनीव यादव, चन्द्रबली मौर्य, अनिल मिश्र, एस0 एन0 जायसवाल, अशरफ, भारत तिवारी, विनोद त्रिपाठी, ताहिर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# 16 जून 2025 को सपा नेता मनोज पंडित नहीं मनाएंगे अपना जन्मदिन

## 12 जून को विमान हादसे में 270 लोगों की मृत्यु ने देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 12 जून को विमान हादसे में 270 लोगों की मृत्यु ने देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में मृतकों की संख्या बढ़ गई है। अब तक घटना स्थल से कुल 270 शव अहमदाबाद सिविल अस्पताल लाए गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने के बारे में शनिवार को डॉक्टरों ने जानकारी दी। इससे पहले, अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 265 बताई थी।

भारतीय एयरलाइंस एअर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर बड़ी घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा कि वह मृतक के परिजनों और घायलों को एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अलावा 25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। अहमदाबाद विमान हादसा दिल को झकझोर देने वाली घटना है।



समाजवादी पार्टी के महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित ने इस वर्ष अपना जन्मदिन न मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी इष्ट मित्रों से भाइयों-शुभचिंतकों और परिवार के लोगों से हाथ जोड़कर विनती की है कि इस बार मुझे जन्मदिन पर बधाई देकर शर्मिंदा न करें। आप सभी से प्रार्थना है कि इस अवसर पर सभी मृतकों की पवित्र आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। आपके द्वारा की गई प्रार्थना ही मेरे जन्मदिन का उपहार होगा।

# इंदिरापुरम में हाउस टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में की गई महापंचायत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गयी 300 से 400 फीसदी वृद्धि के खिलाफ इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी और राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटियों में महापंचायत आयोजित की गई। जयपुरिया सनराइज सोसाइटी के क्लब हॉल में हुई इस बैठक में नागरिकों ने बढ़ी हुई टैक्स वृद्धि को नकारते हुए इसे अन्यायपूर्ण और अवैध बताया। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जब नगर निगम सदन में यह प्रस्ताव पास नहीं हुआ और मंत्री व विधायक की उपस्थिति में इसे निरस्त कर दिया गया, तो फिर यह वृद्धि क्यों की गई। महापंचायत में अनुरक्षण शुल्क को भी अवैध वसूली करार देते हुए कहा गया कि यह डेवलपर से लिया जाना चाहिए, न कि रेजिडेंट्स से। गेटेड सोसायटी में अधिकांश व्यवस्थाएं अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन द्वारा की जाती हैं, इसलिए इन क्षेत्रों के लिए कर निर्धारण का तरीका अलग होना चाहिए। नागरिकों ने एकजुट होकर मांग की है कि एकतरफा टैक्स वृद्धि का आदेश तुरंत निरस्त किया जाए, टैक्स न्यायपूर्ण तरीके से लिया जाए, और अनुरक्षण शुल्क बिल्कुल नहीं लिया जाए। इस अवसर पर रोहित गुप्ता, सीपी बालियान, डॉ. तरुण तेवतिया, अमित चौधरी, स्वाति चौहान, कविता सिंह, रविंद्रनाथ दुबे, वीरेंद्र सिंह, भूपिंदर सिंह, राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर में रही संकल्पसिद्धि फाउंडेशन और सामाजिक संगठनों की सहभागिता

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व रक्तदाता दिवस के पावन अवसर पर, संकल्पसिद्धि फाउंडेशन, एक्टिव ग्रीन, आरएनईएक्स ग्रुप, मानवता फाउंडेशन एवं अष्टदल फाउंडेशन ने गाजियाबाद के कई सक्रिय नागरिकों के साथ जिला एमएमजी अस्पताल, गाजियाबाद द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर मे रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर राज नगर एक्सटेंशन से राजीव झा ने 29वीं बार, दीपांशु मित्तल ने 20वीं बार तथा निधि विश्वकर्मा ने 12वीं बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी सेवा भावना और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रेरणास्पद शिविर में गाजियाबाद की कई अन्य संस्थाओं और नागरिकों ने भी रक्तदान कर एकजुट होकर सामूहिक सेवा भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहाः रक्तदान, जीवनदान है। यह ना केवल जरूरतमंद को जीवन देता है, बल्कि समाज में सहयोग, करुणा और कर्तव्यबोध की भावना को भी सशक्त करता है। संकल्पसिद्धि फाउंडेशन, एक्टिव ग्रीन, आरएनईएक्स ग्रुप, मानवता फाउंडेशन और अष्टदल फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास इस बात का प्रमाण है कि जब निजी पहल सामाजिक जागरूकता के साथ जुड़ती है, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है।



# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

DrAnil Agrawal
7h

आज रोजाना की भांति अपने आवास पर आए #आगंतुकों से मिलकर उनकी #समस्याओं को सुना।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अनिल अग्रवाल अब भले ही पूर्व राज्यसभा सांसद हो चुके हैं लेकिन वह जनता की समस्याओं के लिए अभूतपूर्व तरीके से तैयार रहते हैं। उनके आवास पर कोई भी व्यक्ति अगर अपनी समस्या लेकर जाता है तो वह उसके समाधान का पूरा प्रयास करते हैं। जन सेवा के अपने इस जज्बे को उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।